www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

25 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 214


रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की दो टूक : आतंकवाद और नक्सलवाद पर जारी रहेगा प्रहार




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल

# राज्य का विकास होगा, तो भारत विकसित होगा : मोदी

- प्रधानमंत्री ने राज्यों से टीम इंडिया की तरह काम करने का किया आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नयी दिल्ली के भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। इस साल बैठक की थीम 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य' है। बैठक में भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए राज्यों की भूमिका पर जोर दिया गया। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सीइओ शामिल हुए।

**नरेंद्र मोदी और हेमंत सोरेन के बीच हुई बातचीत :** झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। बैठक के दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नरेंद्र मोदी के बीच शिष्टाचार मुलाकात भी हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री सोरेन से न सिर्फ व्यक्तिगत कुशलक्षेम पूछा, बल्कि झारखंड के वर्तमान हालात और विकास कार्यों की भी जानकारी ली।

**मोदी ने 'वन स्टेट, वन ग्लोबल डेस्टिनेशन' की बात कही :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक के दौरान कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए शहरों को तैयार करने की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। उन्होंने इस बैठक में 'वन स्टेट, वन ग्लोबल डेस्टिनेशन' की बात कही।



### हमारे पास 140 करोड़ देशवासियों की टीम है

मोदी ने कहा कि हमें इस तरह काम करना चाहिए कि हमारी नीतियों का क्रियान्वयन आम नागरिकों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाये। जब लोग उस बदलाव को महसूस करते हैं, तभी वह बदलाव मजबूत होता है और एक जन आंदोलन में परिवर्तित हो जाता है। हमारे पास एक टीम के रूप में 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक शानदार अवसर है।

### 2047 तक भारत को विकसित बनाना हमारा लक्ष्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें एक लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना है। 2047 तक विकसित भारत बनाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर राज्य विकसित हो, हर शहर विकसित हो, हर नगर पालिका विकसित हो और हर गांव विकसित हो। अगर हम इस दिशा में काम करेंगे, तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कार्यबल में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने के मुद्दे पर भी बात की।

### बैठक की मुख्य बातें

- नीति आयोग की बैठक में 36 में 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने भाग लिया।
- कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल, बिहार और पुडुचेरी नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में शामिल नहीं हुए।
- नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से 'ऑपरेशन सिंदूर' का समर्थन किया गया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यों से निवेशकों को आकर्षित करने, विनिर्माण को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के लिए बाधाओं को दूर करने को कहा।
- मोदी ने नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर जोर दिया।
- राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये और राज्यों की बातों को रखा।

## खनन पश्चात भूमि राज्य सरकार को वापस देने का प्रावधान हो: हेमंत सोरेन





मुख्यमंत्री ने नीति आयोग की बैठक में रखे अपने विचार, दिये कई अहम सुझाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नीति आयोग की बैठक में अपने विचारों को रखा और कई अहम सुझाव दिये। हेमंत सोरेन ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना विकसित राज्य से होती है, जिसमें विकसित गांव को जोड़ना सबसे जरूरी है। विकसित भारत की मूल परिकल्पना का केंद्र बिंदु गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, युवा कौशल, किसानों के विकास, पूर्ण शिक्षा, आर्थिक, आधारभूत संरचना एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में सतत विकास है, जिसके लिए हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड राज्य की जनता की आवश्यकताओं से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए लगभग 50 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये की राशि प्रदान कर रही है।

(विस्तृत खबर पेज 05 पर)

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का फोकस

- एक लाख चालीस हजार चार सौ पैंतीस करोड़ रुपये बकाया है, वह मिले।
- विकसित भारत और विकसित राज्य की संकल्पना को साकार करने के लिए विकसित गांव को जोड़ने पर दिया विशेष जोर दिया।
- कंपनियों के सीएसआर फंड और डीएमएफटी फंड को राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में समाहित करने की रखी बात।
- क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए स्ट्रेटेजिक इंपॉर्टेंट क्षेत्र में आधारभूत संरचना के विस्तार को प्राथमिकता देने की जतायी आवश्यकता।
- केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को राज्यों के अनुरूप लागू करने पर मुख्यमंत्री ने दिया विशेष जोर।
- राज्य में डेडीकेटेड इंडस्ट्रियल माइनिंग कॉरिडोर विकसित करने पर दिया बल।


SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847


## इंग्लैंड दौरा: शुभमन कप्तान और ऋषभ पंत बने उपकप्तान

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान चुना गया है। वहीं, ऋषभ पंत टेस्ट में नये उपकप्तान हैं। गिल भारत के 37वें टेस्ट कप्तान हैं। इसके अलावा करुण नायर की आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। शार्दुल ठाकुर भी भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं। इसके अलावा भारतीय-ए टीम के कप्तान अभिमन्यु इश्वरन को भी मौका दिया गया है। साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह टेस्ट टीम में दो नये चेहरे हैं। भारतीय टीम में छह मुख्य बल्लेबाज, दो विकेटकीपर बल्लेबाज, दो स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर, दो पेस बॉलिंग ऑलराउंडर और पांच मुख्य तेज गेंदबाज और एक विशेषज्ञ स्पिनर है। बीसीसीआइ ने शनिवार को मुंबई में हुई बैठक में 18 सदस्यी टीम का एलान किया। इंग्लैंड दौरा 20 जून से शुरू हो रहा है। भारत को 5 टेस्ट खेलने हैं।

(विस्तृत खबर पेज-10 पर)

# आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला झारखंड आयेंगे

रांची और जमशेदपुर में कार्यक्रम में होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची / जमशेदपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को झारखंड आ रहे हैं। वह जमशेदपुर और रांची में कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष रविवार सुबह 9:10 बजे रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उनका विमान उतरेगा। तत्पश्चात वे सुबह 9:20 पर बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद उनका जमशेदपुर जाने का कार्यक्रम है। वह हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर जायेंगे। सोनारी एयरपोर्ट पर 12 बजे पहुंचेंगे। वह शाम 3.15 बजे तक जमशेदपुर में रहेंगे। कार्यक्रम के रांची वापस लौट जायेंगे। रांची में शाम 5:45 बजे से 7:40 बजे तक डांगरटोली के स्वर्ण भूमि में विभिन्न समूहों द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**जमशेदपुर में चेंबर के कार्यक्रम में होंगे शामिल :** यह पहली बार है जब कोई लोकसभा स्पीकर जमशेदपुर आ रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे तक जमशेदपुर के लोयोला स्कूल के फैसी सभागार में सिंघभूम चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में शामिल होंगे। समारोह में 1200 से अधिक अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में वे चैंबर की डॉक्यूमेंट्री फिल्म का उद्घाटन करेंगे और 10 पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित करेंगे। मंच पर उनके साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सांसद विद्युत वरण महतो भी उपस्थित रहेंगे। वह 2.05 में बिष्टूपुर स्थित चैम्बर भवन के लिए रवाना होंगे। अपराह्न सवा दो से तीन बजे तक वहां रहेंगे। इसके बाद वे सोनारी एयरपोर्ट के लिए निकलेंगे और रांची के लिए रवाना होंगे।



### रांची में लोस स्पीकर का होगा नागरिक अभिनंदन, तैयारी पूरी

लोकसभा अध्यक्ष का रांची में नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। डांगरा टोली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि हम लोगो के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि राजधानी रांची में प्रथम बार हमारे बीच हमारे अति लोकप्रिय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आगमन हो रहा है। रांची की सभी सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संस्थाओ द्वारा अभिनंदन और स्वागत किया जायेगा।

(संबंधित खबर-पेज-02 पर)

# मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी पप्पू लोहरा समेत दो नक्सली ढेर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार के सलैया जंगल में शुक्रवार देर रात पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई। इसमें झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के शीर्ष नक्सली कमांडर पप्पू लोहरा समेत दो नक्सली मारे गये हैं। पलामू रेंज के डीआइजी वाइएस रमेश ने इसकी पुष्टि की है। पप्पू लोहरा पर 10 लाख रुपये का इनाम था। लातेहार के एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि सलैया जंगल के पास जेजेएमपी के कुछ नक्सली छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया, तभी नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला। करीब आधे घंटे तक चली मुठभेड़ में पुलिस ने दो नक्सलियों को मार गिराया। मारे गये नक्सलियों में संगठन का कुख्यात नेता पप्पू लोहरा भी शामिल है, जो लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय था। मौके से दोनों नक्सलियों के शव बरामद कर लिये गये हैं। पूरे इलाके में पुलिस सर्च अभियान चला रही है, ताकि अन्य नक्सलियों का भी पता लगाया जा सके।



## सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर, एक जासूस भी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली/श्रीनगर।** भारतीय सीमा में घुस रहे पाकिस्तानी घुसपैठिये को बीएसएफ ने मार गिराया है। घटना 23 मई की रात की है। शनिवार सुबह सिक्योरिटी फोर्स ने इसकी जानकारी दी। बीएसएफ ने बताया कि गुजरात के बनासकांठा जिले में जवानों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पार करते देखा। उसे रुकने के लिए कहा गया, जब वह नहीं रुका, तो गोली चलानी पड़ी। उधर गुजरात एटीएस ने कच्छ से एक पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये व्यक्ति ने कच्छ सीमा के संवेदनशील इलाकों की तस्वीरें पाकिस्तान भेजी थीं।


10+2, स्नातक, बीटेक
के विद्यार्थियों के लिए सरकारी नौकरी में हजारों रिक्तियां
27 वर्ष पुरानी संस्थान में नई तकनीक से तैयारी कर पत्येक वर्ष
अनेको युवा रोजगार प्राप्त कर रहे हैं...
NIBM
H.O. : 4th Floor, Sri Sai Tower Circular Road, Ranchi
Visit Us at nibmranchi on
8825250625, 9334726278
BANK SSC RLY COMBINED
IBPS SBI RBI
"केवल झारखण्ड ही नहीं बल्कि बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ एवं पश्चिम बंगाल के स्टूडेंट के लिए एन.आई.बी.एम. एक ऐसा नाम है जहां आना स्टूडेंट को अपनी सफलता प्राप्त करने जैसा है।"
G.D. & INTERVIEW FOR ALL
FREE LIBRARY, READING ROOM, STUDY MATERIAL
BATCH STARTS
30th May & 2nd June
काफी दिनों से सेल्फ स्टडी, ऑनलाइन तथा लाइब्रेरी में स्टडी करने के बावजूद भी जिन युवाओं का चयन नहीं हो पाया है उनके लिए विशेष बैच प्रारंभ की जा रही है
Class का Recorded वीडियो तथा प्रिंटेड मैटेरियल हिंदी और अंग्रेजी दोनों में मध्यम में दिया जाता है।
SC/ST Minorities/EWS के लिए विशेष छूट



BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures - Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com


# ट्रंप कितने भी कर लें वार, भारत में ही होगा एपल का कारोबार

कंपनी अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में नहीं आयेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद भी एपल भारत में ही आइफोन बनायेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत में आइफोन के प्रोडक्शन से कंपनी को काफी फायदा होगा। इसीलिए कंपनी किसी राजनीतिक दबाव में कोई फैसला नहीं लेगी। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बताया कि उन्हें पूरा विश्वास है कि एपल कंपनी ट्रंप प्रशासन के किसी भी दबाव के बावजूद मुनाफे को तवज्जो देगी। रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी भारत में उपलब्ध टैलेंट और बिजनेस के सुविधाओं पर ज्यादा फोकस कर रही है।

**ट्रंप ने 25 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी :** बताते चलें कि डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आइफोन का निर्माण भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होनी चाहिए। उन्होंने एपल के सीइओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि अमेरिका में आइफोन नहीं बनेगा, तो कंपनी पर कम से कम 25 फीसदी का टैरिफ लगाया जायेगा।



### भारत में बन रहे 15 फीसदी आइफोन

एपल कंपनी अमेरिका में स्मार्टफोन नहीं बनाती है। इसके ज्यादातर आइफोन चीन में बनाये जाते हैं, जबकि भारत में अब एपल के कुल उत्पादन का लगभग 15 फीसदी हिस्सा बनता है, जो सालाना लगभग 40 मिलियन यूनिट है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 25 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# भारत के 'कूटनीतिक स्ट्राइक' से बिलबिलाया पाकिस्तान

## ■ 33 देशों के सामने 'आतंकिस्तान' को बेनकाब करेगा भारतीय प्रतिनिधि मंडल

## ■ इसके बाद पाकिस्तान को एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में शामिल कराया जायेगा

## ■ भारत के इन कूटनीतिक अभियानों से वैश्विक स्तर पर घिर गया है पाकिस्तान

**पहलगाम में बर्बर नरसंहार के बाद पाकिस्तान के खिलाफ आर्थिक और सैन्य स्ट्राइक कर भारत ने 'आतंकिस्तान' की कमर पहले ही तोड़ दी है, लेकिन अभी उसकी दुर्गति बाकी है। इसलिए भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 'कूटनीतिक स्ट्राइक' की है, जिसके पहले ही प्रहार से पाकिस्तान बिलबिलाने लगा है। भारत सरकार ने एक अहम कूटनीतिक पहल के तहत 'आउटरीच प्रोग्राम' की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद के बारे में दुनिया भर के देशों को जानकारी देना है। यह अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद शुरू हुआ है और कुल 33 देशों में भारतीय प्रतिनिधि मंडल पहुंच गया है। इन प्रतिनिधि मंडलों में देश की अलग-अलग पार्टियों के वरिष्ठ नेता शामिल किये गये हैं और ये आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष वैश्विक मंचों पर मजबूती से रखेंगे। जिन 33 देशों में भारतीय प्रतिनिधि मंडल गया है, उनमें से लगभग 15 देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य हैं। इनमें पांच स्थायी सदस्य और 10 अस्थायी सदस्य शामिल हैं, जो हर दो साल में बदलते रहते हैं। इसके अलावा पांच और देश ऐसे हैं, जो आने वाले समय में सुरक्षा परिषद के सदस्य बनने वाले हैं। इसके अलावा कुछ अन्य देशों को भी चुना गया है, जिनकी आवाज वैश्विक मंच पर महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस महत्वपूर्ण कूटनीतिक अभियान के बाद पाकिस्तान को वैश्विक एजेंसी फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स, यानी एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में शामिल करने का अभियान शुरू होगा, ताकि आतंक की फैक्ट्री को वैश्विक स्तर पर आर्थिक मदद से वंचित किया जा सके। पाकिस्तान के खिलाफ क्या है भारत का कूटनीतिक प्लान और क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को किये गये बर्बर नरसंहार के बाद भारत का पाकिस्तान पर प्रहार का सिलसिला लगातार जारी है। पहले सिंधु का पानी रोकने के आर्थिक प्रहार के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये सैन्य प्रहार कर पाकिस्तान की कमर तोड़ी गयी। अब भारत ने पाकिस्तान के झूठे आख्यान को दुनिया के सामने बेपर्दा करने के लिए 'कूटनीतिक स्ट्राइक' किया है। इसके तहत भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल अलग-अलग देशों में पहुंच गये हैं। ये प्रतिनिधि मंडल कुल मिला कर 33 देशों का दौरा करेगा और उन देशों में आतंक के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करेगा। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान के दुष्प्रचार का मुकाबला करते हुए आतंकवाद और क्षेत्रीय स्थायित्व समेत कई अहम मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करना है। इन दलों में अनुभवी और वरिष्ठ सांसद हैं, जो मेजबान देश के सांसदों, अधिकारियों और बुद्धिजीवियों के सामने पाकिस्तान के आतंकवाद को समर्थन देने और उसके झूठे प्रोपेगैंडा को ?तथ्यों के साथ प्रभावी ढंग से उजागर करेंगे। इस तरह मित्र राष्ट्रों के साथ सीधा कूटनीतिक जुड़ाव भारत की विश्वसनीयता बढ़ायेगा और उन्हें दक्षिण एशिया की सुरक्षा गतिशीलता की बेहतर जानकारी हो सकेगी।

### इस कारण से भारत ने की 'कूटनीतिक स्ट्राइक'

पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे और भारत के आंतरिक मामलों को संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच पर उठाकर अंतरराष्ट्रीकरण करने का कुचक्र रचा। इसलिए भारत को पाकिस्तान के झूठ का भंडाफोड़ करने के लिए कई रणनीतिक मोर्चों पर काम करने की जरूरत पड़ी। इसके तहत ही सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडलों को कई देशों में भेजने का निर्णय भी इसी रणनीतिक कदम का हिस्सा है, ताकि आतंकवाद को प्रश्रय देकर खुद को पीड़ित दिखाने का ढोंग रचने वाले पाकिस्तान की साजिशों से दुनिया वाकिफ हो सके और उसके घड़ियाली आंसुओं के षड्यंत्र में न फंसे।

### क्या होगा इस अभियान का असर

इस अभियान के कई महत्वपूर्ण प्रभाव होंगे। पहला, प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य शांति, क्षेत्रीय स्थायित्व और आतंकवाद के विरुद्ध प्रयासों को लेकर भारत की प्रतिबद्धता को जाहिर करना है। दूसरा, वे मनगढ़ंत कहानियों के जरिये वैश्विक राय को प्रभावित करने के पाकिस्तान के कुत्सित प्रयासों की कलई खोलेंगे। तीसरा, प्रतिनिधिमंडल भारत के खुलेपन और पारदर्शिता का प्रदर्शन करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेंगे। चौथा, ?पाकिस्तान से संचालित होने वाले हजारों सोशल मीडिया अकाउंट, जो भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाते हैं, की सच्चाई सामने रखी जायेगी।

### पाकिस्तान के दुष्प्रचार को मिलेगा जवाब

पाकिस्तान का गलत सूचनाएं फैलाने का इतिहास रहा है। उसके दुष्प्रचार का सामना करने के लिए भारत कई मोर्चों पर काम कर रहा है। लोगों को जागरूक करने के लिए भारतीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया के सामने तथ्य रखकर पाकिस्तान के झूठ का पदार्फाश किया जा रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में करारा झटका लगने के बाद पाकिस्तान ने दुष्प्रचार किया, लेकिन मीडिया और अन्य माध्यमों से उसका अच्छे से प्रतिकार किया गया है। तथ्य बताते हैं कि किस तरह पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आइएसपीआर) द्वारा सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट के जरिये भारत विरोधी गलत आख्यान गढ़े जाते हैं।



### एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में शामिल कराने का प्रयास

इस कूटनीतिक अभियान के बाद भारत सरकार ने फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की 'ग्रे लिस्ट' में पाकिस्तान को फिर से भेजने के लिए काफी ठोस कोशिशें शुरू कर दी हैं। भारत काफी मजबूती से एफएटीएफ की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ मामले को उठाने वाला है और इसके लिए ठोस तैयारियां की जा रही हैं। अगले महीने एफएटीएफ की समीक्षा बैठक होने वाली है और भारत ने काफी मजबूती के साथ पाकिस्तान की तरफ से फैलाये जा रहे आतंकवाद के मुद्दे को उठाने का फैसला किया है। इसमें भारत की कोशिश पाकिस्तान को एक बार फिर से 'ग्रे लिस्ट' में डलवाने की होगी। भारत का मानना है कि पाकिस्तान आतंकवाद को रोकने में नाकाम रहा है और वैश्विक संस्थाओं से उसे जो धन मिलता है, उसका इस्तेमाल वह आतंकवादियों को हथियार और धन मुहैया करवाने में करता है।

### क्या है एफएटीएफ

एफएटीएफ एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो मनी लांड्रिंग, टेरर फाइनेंसिंग और हथियारों के प्रसार से जुड़ी फंडिंग पर निगरानी रखती है। जो देश इन गतिविधियों के खिलाफ जरूरी कदम उठाने में नाकाम रहते हैं, उन्हें एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में डाल दिया जाता है। इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, विदेशी निवेश और अंतरराष्ट्रीय कर्ज लेने की क्षमता पर पड़ता है। 'ग्रे लिस्ट' में शामिल देश के सामने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कई सख्त शर्तें रखी जाती हैं और अगर उन शर्तों को पूरा करने में वह देश नाकाम रहता है, तो फिर उसके ब्लैक लिस्ट होने का भी खतरा रहता है।

### गहरी है पाकिस्तान की साजिश

एक रिपोर्ट के अनुसार भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने के लिए आइएसपीआर करीब 20,000 फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट संचालित करता है। ये अकाउंट अक्सर भारत और उसके सहयोगियों में मतभेद पैदा करने के लिए विभिन्न जातीय और धार्मिक भावनाओं को भड़काने का काम करते हैं। उदाहरण के लिए, पाकिस्तान से 60 हजार से ज्यादा एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट हुए, जिनमें पैगंबर पर विवादित टिप्पणी कर भारत के खिलाफ जनमत बनाने और बहिष्कार कराने की साजिश रची गयी। इसके अतिरिक्त, आइएसपीआर एक्स, फेसबुक और यूट्यूब समेत कई प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो और तस्वीरों में छेड़छाड़ कर प्रसारित करता है, जिनमें भारत की आक्रामकता दिखाकर पाकिस्तान को पीड़ित बताया जाता है। हेरफेर कर तैयार की गयी इन पोस्टों को पाकिस्तान समर्थक प्रभावशाली लोगों द्वारा आगे बढ़ाया जाता है, ताकि भारत की कार्रवाइयों के खिलाफ गलत धारणा बनायी जा सके।

### पाकिस्तान के भ्रामक दावे

'ऑपरेशन सिंदूर' के परिणामस्वरूप पाकिस्तान ने अपनी साख बचाने और भारत की छवि खराब करने के लिए कई भ्रामक दावे किये। इनमें भारत के हमलों का प्रभावी ढंग से जवाब देना और स्टेट मीडिया चैनल पर गलत वीडियो प्रसारित कर भारतीय एयरक्राफ्ट गिराने जैसे झूठे दावे करना शामिल है, जबकि भारत ने पाकिस्तान में स्थित नौ आतंकी अड्डों और उसके आठ एयरबेस को तबाह कर दिया था। पाकिस्तानी सेना और सरकार ने खुद को पीड़ित बताने के लिए राज्य नियंत्रित मीडिया का दुरुपयोग किया। आइएसपीआर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत के अकारण आक्रमण की वजह से उसके नागरिक मारे गये और धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा। इस तरह के झूठे आख्यान अंतरराष्ट्रीय सहानुभूति हासिल करने के लिए गढ़े जाते हैं, ताकि दुनिया का ध्यान इससे हट जाये कि पाकिस्तान आतंकी संगठनों को मदद करता है। जाहिर है, भारत के इस प्रहार के पाकिस्तान बुरी तरह परेशान हो गया है। इसलिए वह इस्लामी देशों के संगठन ओआइसी के पास गुहार लगा रहा है। लेकिन पाकिस्तान के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए ऐसा नहीं लगता है कि उसे कहीं से मदद मिलनेवाली है। वैसे भी भारत का वैश्विक दबदबा इतना अधिक है कि कोई भी देश उसकी नाराजगी मोल लेने का खतरा नहीं उठा सकता।

# रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की दो टूक : आतंकवाद और नक्सलवाद पर जारी रहेगा प्रहार

- ट्रैफिक चालान के मामले में जनता के साथ रियायत बरतें
- बिजली कटौती से जनता बेहाल, पानी की भी किल्लत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को रांची स्थित अपने केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत की। इस बातचीत में रक्षा राज्य मंत्री ने एक बार पुनः दोहराया कि आतंकवाद और नक्सलवाद पर मोदी सरकार का स्टैंड क्लियर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन दोनों ही ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। श्री सेठ ने कहा कि आतंकवाद मुक्त और नक्सल फ्री भारत देश के बड़े अभियान हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इन दोनों ही अभियानों पर बेहतर काम हो रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर से हमने आतंक के आकाओं की कमर तोड़ी है। हर आतंकी-नक्सली को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। आतंकवाद पर भारत का स्टैंड साफ है। यदि भारत पर आतंकी हमला हुआ तो हमारी सेनाएं खुद समय और स्थान तय करके जवाब देंगी। परमाणु बम की गीदड़ भभकी से भारत डरेगा नहीं। आतंक के आकाओं और आतंक परस्त सरकार दोनों को अलग नहीं देखा जायेगा।



श्री सेठ ने कहा कि पावर कट से राजधानी रांची की जनता परेशान है। ट्रांसफार्मर नहीं मिल पा रहे हैं। बिजली का तार और पोल की समस्या से लोग परेशान हैं। नियमित रूप से नागरिकों को बिजली बिल मिले, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित हो। ससमय बिल नहीं मिलने से परिवारों पर बिल का अतिरिक्त बोझ होता है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए सरकार को सख्त होना चाहिए परंतु सख्ती की आड़ में आम जनता के साथ बर्बरता नहीं होनी चाहिए। जिस तरह से चालान काटा जा रहा है, यह विशुद्ध रूप से जनता का दोहन और शोषण करने जैसा है। दो पहिया वाहनों पर 30-30 हजार रुपये के चालान मिल रहे हैं। सरकार ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करे और एक कैंप लगाकर इतने बड़े पैमाने पर जो चालान काटे गये हैं, उसमें रियायत, समाधान करें। यहां कई परिवार हैंड टू माउथ हैं। ऐसे परिवारों का ख्याल रखना चाहिए। एक तरफ मईंया योजना का प्रचार कर रहे, दूसरी तरफ ऐसे परिवारों के सिर पर चालान का बोझ दे रहे। केंद्रीय मंत्री ने नशाखोरी के बढ़ते मामले पर चिंता जताते हुए कहा कि रांची में ब्राउन शुगर का मामला बहुत तेजी से बढ़ रहा है। जिस अनुपात में पुलिस कार्रवाई कर रही है, उससे कई गुना अधिक अनुपात में इसकी खरीद बिक्री हो रही है। रांची शहर नशाखोरी का हब बनता जा रहा है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके लिए एक अलग से टीम का गठन हो, जो ऐसी शिकायतों पर ठोस कार्रवाई करे।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आज होगा नागरिक अभिनंदन : संजय सेठ

**रांची (आजाद सिपाही)।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि रांची में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का नागरिक अभिनंदन 25 मई को डंगराटोली स्थित स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में होगा। कार्यक्रम शाम पांच बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रेस वार्ता के माध्यम से दी। श्री सेठ ने कहा कि हम लोगों के लिए बड़े सौभाग्य की बात है झारखंड की राजधानी रांची में प्रथम बार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आगमन हो रहा है। रांची की सभी सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संस्थाओं द्वारा अभिनंदन और स्वागत किया जायेगा। जैसा कि ज्ञात है यह आयोजन राजस्थान फाउंडेशन , रांची चेप्टर के सानिध्य में किया जा रहा है। फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय मारू और कार्यक्रम संयोजक मुकेश काबरा ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पहली बार रांची आ रहे हैं। इस अवसर पर नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का भी अभिनंदन किया जायेगा। जैसा कि ज्ञात है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आग्रह पर रांची आ रहे हैं। इस आयोजन में धार्मिक, सामाजिक और व्यापारी संस्थाओं के पदाधिकारीयों सहित कई प्रबुद्ध जन उन्हें सम्मानित करेंगे। कार्यों का दायित्व भी सौंपा गया। वहीं सहयोगी के रूप में पुनीत पोद्दार, ऐश्वर्य सेठ, राम बांगड़, रोहित अग्रवाल, राहुल मारू, प्रमोद सारस्वत, अमित चौधरी, मनीष लोधा, जय प्रकाश सिंघानिया, विकास अग्रवाल, विकास गोयल, गौरव काबरा, नितिन भालोटिया समेत अन्य लोग सहयोग कर रहे हैं। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के समस्त लोगों से रविवार को शाम 5:00 बजे स्वर्ण भूमि सभागार में स्वागत अभिनंदन समारोह में पहुंचकर इस ऐतिहासिक क्षण को स्मरणीय बनाने का आग्रह किया है।

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव

# सेवा, सुशासन एवं विकास के 3 साल



❝ माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। ❞

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



❝ 21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मज़बूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। ❞

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## पढ़ेगा उत्तराखण्ड बढ़ेगा उत्तराखण्ड

## शिक्षा से समृद्धि की ओर

राज्य सरकार द्वारा बजट में उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति हेतु
**रु 15.00 करोड़**
पारित।



- उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत राज्याधीन विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित किये जाने तथा समय से परीक्षा का आयोजन किये जाने हेतु समर्थ पोर्टल प्रारम्भ किया गया है। यह पोर्टल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और कुशल बनाते हुए उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में अभिवृद्धि हेतु दृढ़ संकल्पित है।
- राजकीय महाविद्यालयों / राज्याधीन विश्वविद्यालय के अधिकतम 05 मेधावी छात्रों को प्रतिवर्ष यूनाइटेड किंगडम (UK) के प्रतिष्ठित संस्थानों में 01 वर्ष के लिए स्नातकोत्तर स्तर (मास्टर डिग्री) के अध्ययन हेतु मुख्यमंत्री शेविंनिग उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है।
- राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) बैंगलौर द्वारा दून विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड प्रदान किया गया है। 'ए' ग्रेड से प्रत्यायित दून विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र राजकीय विश्वविद्यालय है।
- शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के अन्तर्गत विज्ञान विषय वाले इण्टर कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक सुविधा हेतु Lab On Wheels (चलती-फिरती प्रयोगशाला) की योजना का संचालन राज्य के 04 जनपदों चम्पावत, अल्मोड़ा, पौड़ी एवं देहरादून में किया जा रहा है।
- राज्य के राजकीय एवं राजकीय सहायता प्राप्त (अशासकीय) विद्यालयों में अध्ययनरत् कक्षा -1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करायी गयी हैं।
- शिक्षा को गुणवत्तापरक बनाये जाने हेतु एवं छात्र-छात्राओं के ड्रापआउट पर नियंत्रण हेतु भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित विद्या समीक्षा केन्द्र को सुचारु रुप से संचालित किया जा रहा है।

विकसित भारत, सशक्त उत्तराखण्ड

**सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास**

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

## हजारीबाग में आयोजित होगी 19वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य खो-खो संघ द्वारा 19वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 2025 के आयोजन को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। यह राज्य स्तरीय खेल आयोजन 6 जून से 8 जून 2025 तक हजारीबाग के कंचन ग्राउंड में संपन्न होगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के उभरते बालक-बालिका खिलाड़ियों को राज्यस्तरीय मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। इस प्रतियोगिता में झारखंड के सभी 24 जिलों और 2 संस्थाओं से लगभग 1040 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर और खेल अधिकारी भाग लेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शकों की उपस्थिति रहेगी, जिससे हजारीबाग शहर एक बार फिर खेल गतिविधियों का केंद्र बनेगा। सदर विधायक कार्यालय परिसर में एक विशेष प्रेस वार्ता का आयोजन कर इसकी जानकारी दी गयी। प्रेस वार्ता में हजारीबाग के सदर विधायक और आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, आयोजन समिति के पदाधिकारी हरिश श्रीवास्तव, राज्य सचिव संतोष प्रसाद और जिला सचिव आलोक कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रदीप प्रसाद ने कहा हजारीबाग के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है कि राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर हमें प्राप्त हुआ है। इस प्रकार के आयोजन से न केवल हमारे जिले की खेल गतिविधियों को बल मिलेगा, बल्कि राज्य के कोने-कोने से आने वाले प्रतिभावान बच्चों को एक मंच भी मिलेगा। हमारी कोशिश है कि इस प्रतियोगिता को इस तरह से आयोजित किया जाये कि प्रतिभागियों को यह हमेशा याद रहे। जिला सचिव आलोक कुमार ने बताया की खिलाड़ियों के ठहरने, खाने-पीने, ट्रांसपोर्ट और सुरक्षा की संपूर्ण तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। हमने जिला प्रशासन से भी आवश्यक सहयोग का अनुरोध किया है। स्थानीय विद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों और खेलप्रेमियों का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## विद्यार्थियों को कराया गया भौगोलिक भ्रमण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कर्णपुरा कॉलेज के भूगोल विभाग के सेमेस्टर 5 के छात्र-छात्राओं को विभागाध्यक्ष प्रो रंजीत प्रसाद नेतृत्व में आज भौगोलिक भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों को सामाजिक, आर्थिक और भूमि उपयोग सर्वेक्षण के लिए बड़कागांव के गांव झींकझोर ले जाया गया। जहां उन्होंने वहां के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बरसों पानी का अध्ययन किया। भूगोल शिक्षक रंजीत कुमार ने बताया कि यह पर्यटन स्थल झारखंड के साथ पूरे भारत वर्ष में प्रसिद्ध है। देश भर से पर्यटन दर्शन करने को आते रहते हैं। अन्य दिनों की अपेक्षा गर्मी के दिनों में यहां अत्यंत आनंद और सुकून मिलता है। बूंद-बूंद गिरते जल के बूंदे चारों तरफ की हरियाली, पास बहती है। बहती जल धारा तन मन में उर्जा प्रदान करती है। मौके पर प्रो रितु राज दास व छात्र छात्रों में बसंती कुमारी, सुमन कुमारी, रानी कुमारी, पूनम कुमारी, पूजा कुमारी, सीमा कुमारी, टिकेश्वर कुमार, शिवम कुमार, विकास सोरेन, ऋषि कुमार, दिनेश कुमार, राहुल कुमार, सतीश कुमार, अजय कुमार, सत्यम तिवारी शामिल थे।

## बादम कॉल ब्लॉक परियोजना का भूमि निवारण शिविर दूसरे दिन नहीं लगा

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक परियोजना का बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय में दो दिवसीय भूमि निवारण शिविर आज दूसरे दिन नहीं लगा। प्रथम दिन 23 मई को शिविर में पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों ने पहुंच कर विरोध जताया था। विरोध के कारण कोई भी रैयत कागजात प्रस्तुत करने नहीं पहुचें। ग्रामीणों द्वारा उपस्थित पदाधिकारी से शिविर स्थगित हो जाने का लिखित भी लिए थे। आज दूसरे दिन का शिविर नहीं आयोजित होने पर संबंधित पदाधिकारी ने कहा कि प्रथम दिन ग्रामीणों ने विरोध कर दिया था जिसके कारण आज दूसरे दिन शिविर का आयोजन नहीं किया गया। इसके पूर्व ग्रामीणों ने हजारीबाग भू अर्जन विभाग और बड़कागांव अंचल में 23 और 24 मई को अंचल कार्यालय में आयोजित शिविर पर आवेदन देकर आपत्ति जतायी थी। ज्ञात हो कि हजारीबाग जिला भू-अर्जन कार्यालय के पत्रांक 1030 दिनांक 19/5/25 के आलोक में एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक खनन परियोजना के लिए मौजा बादम और अंबाजीत में अर्जित की जा रही भूमि का मुआवजा भुगतान के लिए 23 और 24 मई 2025 को अंचल कार्यालय में शिविर का आयोजन करने का निर्देश निर्गत की गयी थी। पहले दिन तो शिविर का आयोजन किया गया लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण सफल नहीं हो पायी। जबकि दूसरे दिन शिविर का आयोजन हुआ ही नहीं। ग्रामीणों द्वारा आपत्ति में कहा गया है कि इस कार्यक्रम के पहले ना तो कंपनी के लिए ग्राम सभा की सहमति ली गयी ना ही मुआवजा निर्धारित करने के लिए कोई आम सभा की गयी है। ऐसे में इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक मनमानी और जबरन विस्थापन को दर्शाता है जो जनता का नामंजूर है। अतः इस शिविर को रद्द करते हुए आगे विधि संवत कार्रवाई किया जाये। आवेदन में सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर शामिल था।

## सुखा पेड़ दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय के मोड़ के पास विशाल आम का पेड़ बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। यहां हर दिन सैकड़ो लोग अंचल एवं प्रखंड कार्यालय सैकड़ों लोग विभिन्न योजनाओं को लेकर आते जाते रहते हैं। लगभग हजारों से अधिक विद्यार्थी प्लस टू हाई स्कूल, झारखंड कॉलेज एवं कन्या मध्य में पढ़ने आते हैं। इसके साथ-साथ बड़का गांव एसडीपीओ, बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, वन विभाग के पदाधिकारीयो का आना-जाना लगा रहता है क्योंकि इन सभी पदाधिकारी का आवास और ऑफिस इसी सड़क से होकर गुजरता है। सूखे पेड़ कभी भी किसी व्यक्ति के ऊपर गिर सकता है। जिससे बड़ा खतरा हो सकता है। इस संबंध में स्थानीय लोगों में से नरसिंह प्रसाद एवं सुमित कुमार ने बताया कि इस विशाल सूखे आम के पेड़ को कटवा कर हटवाने के लिए बड़कागांव अंचल अधिकारी के पास आवेदन दिया गया है परंतु इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। क्या पता जब कोई बड़ी घटना घट जाए तब ही यह पेड़ हटेगा क्या? वहीं उपस्थित स्थानीय लोगों ने कहा की हम लोगों को हमेशा डर सताते रहता है की क्या पता कब पेड़ की मोती टहनी गिर जाए और कोई अप्रिय घटना घट जाए चुकी हल्की सी हवा में है सूखे पेड़ की टहनियों गिरने लगती है। बड़कागांव ब्लॉक अंचल कार्यालय एवं डीएसपी कार्यालय के पास,अस्पताल एवं इसके इर्द-गिर्द में 57 पेड़ , वन विश्रामगर परिसर में 13 पेड़ ,प्लस टू हाई स्कूल विद्यालय में एक पेड़, अस्पताल परिसर में 2, गेस्ट हाउस में 5 पेड़, बादम व सांढ रोड में चिरैया नदी के पास 3 पेड़ , तलसवार रोड दो पेड़ सूख गये है, जो कभी भी गिरकर लोगों को हानि पहुंचा सकता है।पिछले दिनों को आए आंधी बारिश के कारण कन्या मध्य विद्यालय के पास सूखा पेड़ गिर गया।जिससे कई लोग बाल बाल बच गए। इस संबंध में अंचलाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है कार्रवाई जारी है।

### कांग्रेस का जिला स्तरीय संविधान बचाओ सभा का आयोजन

# संविधान बचाने के लिए कांग्रेस हर संघर्ष को तैयार: जलेश्वर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** पैराडाइज बैक्वेट हॉल में कांग्रेस का जिला स्तरीय संविधान बचाओ सभा का आयोजन किया गया है । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश से जिला के प्रभारी बनाये गये प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल, राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद, पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, बिनोद सिंह, शशि मोहन सिंह, धर्मराज राम, पूर्व जिला अध्यक्ष आबिद अंसारी, देवराज कुशवाहा जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने किया। मंच संचालन संजय तिवारी और महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने की। जबकी धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी के प्रदेश सचिव रेणु कुमारी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर में शहीद



जवानों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देकर की गयी। कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान दिया, इसमें हर जाति धर्म समुदाय को अधिकार दिये गये हैं संविधान को बचाने के लिए जो भी आंदोलन करना पड़ेगा वह कांग्रेस पार्टी करेगी। कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक जनता के मुद्दों पर संघर्ष कर रही है। पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार ने मेहनतकश मजदूर और कामगारों के अधिकारों पर लगातार प्रहार कर रही है सेना पर टिप्पणी करना गलत मध्य प्रदेश के बीजेपी के एक मंत्री के बयान से देश स्तब्ध है सरकार सोची समझी चाल से संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद ने कहा कि आज देश के नागरिक के समक्ष अपने अधिकारों को सुरक्षित रहने की चुनौती है। केंद्र सरकार संविधान के विपरीत काम कर रही है। प्रदेश के एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने कहा की संविधान देश की आत्मा है और इसे कमजोर करने वाली ताकतों का मिलकर मुकाबला करना होगा। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह के कहा की रैली को जनहित के मुद्दों की आवाज बताया, संविधान की रक्षा के लिए एकजुटता का आह्वान किया। कांग्रेस पार्टी जनता की पार्टी है और जनता के मुद्दों को अंतिम वर्ग तक पहुंचाना है और केंद की भाजपा सरकार की जनविरोधी भावना का पदार्फाश पंचायत और वार्ड स्तर तक करना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से यमुना यादव, अदिब रिजवी, शशिकांत ओझा, संजय गुप्ता, कुलदीप तिवारी, राजू चौरसिया, मिथलेश दुबे, साजिद हुसैन, सुनिल ओझा, विरेन्द्र कुमार सिंह, अजय गुप्ता, सुनिल सिंह राठौर, अर्जुन सिंह, डॉ. प्रकाश कुमार, सुरजीत नागवाल, निजामुद्दीन अंसारी, शारदा रंजन दुबे, संतोष कुमार देव, कैलाश पति देव, कोमल राज, सुनिल अग्रवाल, लखराज सिंह, मंच प्रकोष्ठ अध्यक्षों में प्रकाश यादव, बेबी देवी, गुड्डू सिंह, साजिद अली खान, मुकेश पासवान, ज्ञानी प्रसाद मेहता, कृष्णा किशोर प्रसाद, दीपक गुप्ता, रिंकू कुमार के अलावा सभी प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे।

# तेल भरा टैंकर पलटा, ग्रामीण तेल को लूटने लगे, रांची-पटना रोड जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत रांची-पटना मुख्य मार्ग पर कोडरमा घाटी स्थित नौवां माइल के समीप शनिवार की सुबह तेल से भरा एक टैंकर पलट गया। घटना के बाद रांची-पटना मुख्य मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया। उक्त टैंकर पश्चिम बंगाल से रिफाइन लोड कर बिहार की ओर जा रहा था। इसी बीच कोडरमा घाटी में टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें लोड रिफाइन तेल सड़कों पर बहने लगा। इधर



घटना के पश्चात आसपास के लोग वहां इकठ्ठा हो गये। जैसे ही उनलोगों की नजर टैंकर से बहते हुए तेल पर पड़ी वे लोग अपने-अपने घरों की ओर दौड़े और घरों से बाल्टी, डब्बा या जो भी बर्तन मिला उसे लेकर सरपट घटनास्थल पर पहुंच गये और टैंकर से बह रहे तेल को लूटने में लग गये। इधर इस घटना के पश्चात रांची-पटना मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। घटना की जानकारी पाकर कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने वहां पर पुलिस बल को भेज दिया है। उन्होंने बताया कि टैंकर से तेल का रिसाव सड़क पर होने के कारण कई छोटी गाड़ियां उस पर फिसल जा रही थी। कई यात्री गाड़ी भी फंसे रहे। पुलिसबल को क्रेन लेकर भेजा गया और टैंकर को मुख्य मार्ग से हटाकर वाहनों के आवागमन को फिर से चालू कराया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में टैंकर का चालक व उपचालक पूरी तरह से सुरक्षित है।

# सदर विधायक ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर की हृदयस्थली कही जाने वाली ऐतिहासिक झील में चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का शनिवार को सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गहन निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम और संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्थल पर बुलाकर कार्य की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि विकास का उद्देश्य तभी सार्थक होता है जब जनता को उसका सीधा लाभ मिले और किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। झील क्षेत्र में चल रहे सौंदर्यीकरण



कार्यों को इस दृष्टिकोण से तेज गति से पूरा किया जाना चाहिए कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए झील क्षेत्र को अधिक सुगम और आकर्षक बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने झील परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाने और समुचित रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झील में बड़ी संख्या में लोग सुबह-शाम भ्रमण, योग और अवकाश के क्षण बिताने आते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्वच्छता पर विशेष बल देते हुए कहा कि झील क्षेत्र में नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन और शौचालय व्यवस्था को उच्च मानक के अनुरूप किया जाये। उन्होंने कहा कि झील न केवल प्रशासन या सरकार की संपत्ति है, बल्कि यह जन-जन की धरोहर है। इसकी सुरक्षा, सफाई और मर्यादा में हर नागरिक की भूमिका होनी चाहिए।

# दुकान में महंगी शराब बेचने पर उत्पाद विभाग ने संचालक को जारी किया नोटिस

**अवैध रूप से ज्यादा राशि वसूलने वाले खुदरा उत्पाद की दुकानों की सूचना देने के लिए जारी किये नंबर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला में विदेशी शराब के 11, देशी शराब के 6 और कम्पोजिट शराब के 50 समेत कुल 67 खुदरा उत्पाद दुकानें संचालित है। सभी खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री निर्धारित मूल्य पर कराने की जिम्मेवारी उत्पाद पदाधिकारियों की है।

देखा जा रहा है कि खुदरा उत्पाद दुकानों में शराब की कीमत



से ज्यादा की राशि ग्राहकों से वसूली जा रही है, इस पर नकेल कसने के लिए उत्पाद विभाग, हजारीबाग ने उत्पाद पदाधिकारियों के नंबर जारी किये है जिनपर ग्राहक वैसे अवैध वसूली वाले दुकानों की जानकारी दे सकते है।

सहायक आयुक्त उत्पाद शिव कुमार साहू ने बताया कि सरकारी राजस्वहित में आस-पास हो रहे अवैध शराब के निर्माण और बिक्री की सूचना उत्पाद पदाधिकारियों तक पहुंचाने की जिम्मेवारी आमजनों की भी है। सूचना देने वाले नागरिक का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा। खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री निर्धारित मूल्य से अधिक पर होने और अवैध शराब के निर्माण और इसके बिक्री से संबंधित सूचना निम्नांकित नंबरों पर दिया जा सकता है। शिव कुमार साहु, सहायक आयुक्त उत्पाद (मो नं-8292321719), भुवनेश्वर नायक, अवर निरीक्षक उत्पाद (मो नं 7903995107), सुमितेश कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद (मो नं-8210837784), कृष्णा कुमार प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद (मो नं0-9608208777) के नंबरों पर सूचना दिया जा सकता है।

## चाल धंसने से महिला की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित सिविल कोर्ट के पीछे जंगल (वन्य प्राणी आश्रयणी) में ढिबरा चुनने के दौरान चाल धंसने से एक महिला की मौत हो गयी। बताया जाता है कि शनिवार को कई अन्य लोगों के साथ महिला भी ढिबरा चुनने गयी थी तभी हुए हादसे में उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शिव मुहल्ला निवासी 45 वर्षीया कंचन देवी (पति पप्पू पासवान) अन्य महिलाओं के साथ सिविल कोर्ट के पीछे जमा ढिबरा के ढेर में चाल बनाकर ढिबरा चुन रही थी। इसी दौरान अचानक चाल धंस गयी जिसमें वह दब गयी। घटना के बाद महिलाओं के द्वारा शोर किया गया। आसपास के लोग महिला को बाहर निकालकर कोडरमा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## टाटीझरिया में भक्ति जागरण का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया में आयोजित श्री पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शुक्रवार रात भक्ति जागरण का आयोजन हुआ। जो शनिवार अहले सुबह तक चला। जिसमें टाटीझरिया, बड़ा डहरभंगा, छोटा डहरभंगा, मुरुमातु, होलंग समेत आसपास क्षेत्र से बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्ति जागरण मंच का उद्घाटन स्वरूपा बाला तिवारी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद श्री राम जी, बाबा भोलेनाथ, हनुमान जी, श्रीकृष्ण, मां काली, मां दुर्गा के एक से बढकर गीतों की प्रस्तुति दी गयी। जीवंत झांकी के साथ भक्ति जागरण के आयोजन ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस दौरान भक्ति जागरण में श्रद्धालु भक्ति गीतों में झूमते नजर आये। धनबाद से पहुंचे कलाकारों ने अपने भक्ति और देवी गीतों पर दर्शकों को खूब झूमाया। एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गाकर खूब तालियां बटोरी और श्रद्धालुओं को खूब झूमाया। व्यवस्था को लेकर महायज्ञ समिति के लोग जगह-जगह पर तैनात नजर आए। मौके पर महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष व टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव, राजू यादव, प्रकाश गुप्ता, गौरव चौधरी, चंद्रदेव यादव, पंकज चौधरी, अशोक शर्मा, रौनक सिंह, रजनीकांत चौधरी, सुशील चौधरी, विवेक चौधरी, शैलेश सिंह, पिंटू यादव अमीन, संतोष यादव, रामा तिवारी, श्यामप्रकाश तिवारी, बजरंगी साव, छोटन तिवारी, रंजीत तिवारी, संजीव चौधरी, बबलू यादव, छोटन साव, शुभम चौधरी, सागर सिन्हा, सुनिल साव, मनोज यादव, परमानंद पांडेय, बिनोद अगेरिया, रामेश्वर यादव, उमेश यादव, सुमन चौधरी, बिरेंद्र राणा, संदीप चौधरी, पिंटू साव, निक्की साव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## फूसरी गांव पहुंचे बीडीओ-सीओ विकास योजनाओं का लिया जायजा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** केरेडारी प्रखंड के मनातू पंचायत के फूसरी के सर्वांगीण विकास की जानकारी लेने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी पहुंचे। वहां ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ वर्तमान में चल रही विकास योजनाओं यथा मनरेगा योजना, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधायक मद की योजना, नल जल योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान गांव ग्रामीणों के विकास के लिए आवश्यक योजनाओं का सर्वे कर अनुशंसा के साथ उपायुक्त को भेजा गया। इसमें स्वरोजगार से संबंधित मत्स्य पालन, सुकर पालन, कुक्कुट पालन सहित पुल पुलिया, संपर्क पथ निर्माण की योजना भी शामिल है। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल के साथ उक्त पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राज इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत प्रिंसिपल राहुल घोष ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय निदेशक संपा सिंह और माता-पिता का स्वागत करके किया। इस अवसर पर सत्र 2024 - 25 वार्षिक परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक स्कोर करने वाले विद्यार्थियों को 2100 और 3100 की राशि प्रदान की गयी, क्लासेस को 2 भागो में विभाजित किया गया। प्रथम समूह ए जिसमें कक्षा 1 से 5 के छात्र को रखा गया दुसरा ग्रुप बी जिसमें कक्षा 6 से 9 के बच्चों को रखा गया। ग्रुप ए को 2100 की राशि प्रदान की गयी और ग्रुप बी को 3100 की राशि प्रदान की गयी। कक्षा 2 से नमन राठौड़, समीक्षा कुमारी, अंकुश राज, हंजला, सनी देव, वानिया खुशदिल, सना परवीन, सुरभि, पीयूष, अन्वय आर्य को स्कॉलरशिप प्रदान की गयी। क्लास 3 से सारीमुद्दीन खुशदिल और मिस्टी भारती कक्षा 4 से शादिया तनवीर और साक्षी प्रिया को छात्रवृत्ति प्रदान की गयी। ग्रुप बी के कक्षा 6 से स्मृति कुमारी और सिफत रजा और कक्षा 7 से कार्तिकेय कुमार और अंशिका अनुराग को छात्रवृत्ति की राशि प्रदान की गयी। कार्यक्रम की एंकर शिवानी भारती ने कहा कि बच्चों के जीवन में मां रानी होती है और पिता राजा होते है। शिक्षकों के साथ माता-पिता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। विद्यालय की निदेशक संपा सिंह ने सभी माता-पिता का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## एक बुजुर्ग महिला पांच दिनों लापता



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र की कलशी देवी उम्र लगभग 65 वर्ष ग्राम बड़ानो पोस्ट मसकेडीह थाना चलकुशा निवासी दिनांक 20 मई 2025 को शाम 4:00 बजे से लापता है। उनके परिजनों के द्वारा बताया गया कि महिला का दिमागी हालत ठीक नहीं है। अगर किन्हीं को इस महिला का पता चले तो मोबाइल नंबर 8002580014,9939018475,7903849120 संपर्क कर जानकारी देने का आग्रह किया है।

# एक लाख चालीस हजार चार सौ पैंतीस करोड़ रुपये बकाया है: सीएम



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नीति आयोग की बैठक में अपने विचारों को रखा और कई अहम सुझाव दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज और कोयले के साथ साथ अन्य खनिजों की बहुतायत है। जिनके खनन में प्रदूषण और विस्थापन एक बहुत बड़ा कारक रहा है। खनन कंपनियों द्वारा ली गयी भूमि जो कि (नॉन पेमेंट ऑफ लैंड कम्पनशेशन) में आती है उनका राज्य सरकार पर एक लाख चालीस हजार चार सौ पैंतीस करोड़ रुपये बकाया है, जिसको यथाशीघ्र मुहैया कराया जाये। सीबीए एक्ट में संशोधन कर खनन पश्चात कंपनियों को भूमि राज्य सरकार को पुनः वापस देने का प्रावधान किया जाये। राज्य में अनाधिकृत खनन के लिए कम्पनियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। राज्य में कोल बेस्ड मीथेन गैस की बहुतायत है, जिसका तकनीकी रुप से इस्तेमाल कर ऊर्जा उत्पादन में प्रयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही राज्य में खनन कंपनियों को कैप्टिव प्लांट लगाने की अनिवार्यता होनी चाहिये और कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत राज्य में इस्तेमाल होने से रोजगार सृजन में भी वृद्धि होगी। प्रदेश का वन क्षेत्र पूर्वोत्तर राज्यों के समकक्ष है, जिससे आधारभूत संरचना के लिए क्लियरेंस में देरी अवरोध बनती है, जिसका निवारण किया जाए और पूर्वोत्तर राज्यों को मिलने वाली विशेष सहायता झारखंड को भी प्रदान कराई जाए।

**विशेष केंद्रीय सहायता को सभी 16 जिले में लागू रखने की आवश्यकता:** हेमंत सोरेन ने कहा कि उग्रवाद की समस्या से निवारण के लिए सीएपीएफ की प्रतिनियुक्ति से संबंधित प्रतिधारण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है, जिसे सहकारी संघवाद के सिद्धांत के तहत पूर्ण रूप से खत्म करने की आवश्यता है। नक्सल समस्या पर प्रकाश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में राज्य के 16 जिले इससे प्रभावित थे जो कि अब दो जिलों पश्चिमी सिंहभूम एवं लातेहार तक सिमट गया है। फिर भी विशेष केंद्रीय सहायता को सभी 16 जिले में लागू रखने की आवश्यकता है।

**मजदूरों के कल्याण और सुरक्षा के लिए हो कार्य:** मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड जैसी महामारी में विषम परिस्थिति उत्पन्न हुई जिससे प्रदेश के मजदूर राज्य के बाहर काम करते थे उनको सहायता राज्य सरकार से प्रदान करायी गयी। हाल ही में कैमरून में फंसे मजदूरों को राज्य सरकार ने अपने व्यय से वापस बुलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे मजदूर जो किसी दूसरे देश में काम करना चाहते है उनके वीजा ,सुरक्षा और व्यय में केंद्र सरकार की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।

**राजस्व बंटवारे पर भी मुख्यमंत्री ने रखी बात:** हेमंत सोरेन ने कहा कि 16 वें वित्त आयोग द्वारा संघीय व्यवस्था में केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच राजस्व के बंटवारे के संदर्भ में आवश्यक प्रक्रिया बनायी गयी है। राजस्व के वर्टिकल डेवल्यूशन 41% से करते हुए 50% होने की आवश्यकता है। वर्तमान में विभाज्य पूल का आकलन केंद्र सरकार द्वारा वसूला जाता है। सभी उपकर, अधिभार को घटाते हुए यह किया जाता है। इसका कोई अंश विभाज्य पूल में सम्मिलित नहीं होता है। वर्ष 2017 से जी एस टी अधिनियम लागू होने के उपरांत झारखंड जैसे विनिमार्ता राज्य के लिए पूर्व के वैट से राजस्व संग्रहण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। प्रारंभिक 5 वर्षों के लिए राज्य को 14% प्रोटेक्टेड रेवेन्यू के अनुसार कंपनसेशन की राशि मिली है। जून 2022 के बाद से राशि न मिलने से राज्य को हजारों करोड़ का राजस्व हानि हो रही हैविकसित भारत 2047 झारखंड के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपेक्षित सहयोग प्रदान होने से विकसित झारखंड और विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी।

**राज्य की ओर से ये रहे मौजूद:** बैठक में झारखंड की ओर से मुख्यमंत्री के अलावा मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल, योजना सचिव मुकेश कुमार भी शामिल हुए।

## परिवहन सेवाओं का विस्तार हो

हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में रेल परिचालन विस्तृत की जाये। कंपनियों के सीएसआर फंड और डीएमएफटी फंड को राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में समाहित किया जाये। प्रदेश का साहेबगंज जिला कार्गो हब की दृष्टि से बहुत ही कारगर सिद्ध हो सकता है, जो सीमावर्ती राज्यों को भी सुविधा प्रदान करेगा। इसी जिले में गंगा नदी पर अतिरिक्त पुल का निर्माण या उच्च स्तरीय बांध बनाना भी महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए स्ट्रेटेजिक इंपॉर्टेंट क्षेत्र में आधारभूत संरचना के विस्तार को प्राथमिकता देना पड़ेगा। राज्य में डेडीकेटेड इंडस्ट्रियल माइनिंग कॉरिडोर विकसित करने से सामान्य परिचालन में सुविधा बढ़ जायेगी।

## केंद्र सरकार की योजनाओं के मानदंड में बदलाव की जरुरत

मुख्यमंत्री ने नीति आयोग को बताया कि झारखंड सरकार सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी कई योजनाएं बनायी है। जिसमें पेंशन योजना, मइयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य योजना आदि प्रमुख है। मुख्यमंत्री ने इस सिलसिले में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के मानदंड में कुछ बदलाव की आवश्यकता की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 25 लाख परिवारों को 5 किलोग्राम चावल प्रतिमाह, आयुष्मान योजना से वंचित 28 लाख परिवारों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित 38 लाख गरीब परिवारों को 15 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी सरकार जिलावार हेल्थ प्रोफाइल तैयार कर रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाना चाहिए, जिससे प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तर पर स्वास्थ सेवाएं मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र की योजनाओं को राज्यों के अनुरूप लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं की राशि मे वृद्धि होनी चाहिए। राज्य में लागू सीएनटी एवं एसपीटी एक्ट के कारण उद्यम के लिए कारक बन रहे है, जिसका वित्त मंत्रालय के समन्वय से निवारण अतिशीघ्र आवश्यक है।

SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR
(CBSE Affiliated 10+2 Co-Ed. School)
Dhurwa, Ranchi-4, Ph.- 9430115884 / 7004552685
Email-ssvmdhurwa14@gmail.com, Website: ssvmdhurwaranchi.in
ADMISSION OPEN for Class-XI (2025-26)
SCIENCE/ COMMERCE/ HUMANITIES
Admission forms and prospectus are available at the School Office during all working days 07:30 am to 12:30 pm.
Form Can be downloaded from the School Website (ssvmdhurwaranchi.in)
Buses (equipped with GPS, CCTV & Speed Governor) are available to every nook & corner of the city
Hostel facility available for Boys [From Class VI Onwards]
Sd/-Principal

## डायलिसिस सेंटर में बहाल हुई एसी की सुविधा



**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में गर्मी के कारण मरीजों को हो रही परेशानी को गंभीरता से लेते हुए सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) और भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस द्वारा कुछ दिन पूर्व एसी की सुविधा बहाल करने की मांग की गयी थी। इस मांग को संज्ञान में लेते हुए प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की गयी और डायलिसिस सेंटर में एसी सुविधा बहाल कर दी गयी, जिससे इलाजरत मरीजों को काफी राहत मिली है। सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने शनिवार को स्वयं सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया और स्थिति संतोषजनक पायी। इस अवसर पर धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन में हमलोग लगातार जनहित का कार्य कर रहे हैं। यह कार्य जनसेवा की भावना से प्रेरित है। मरीजों की पीड़ा को महसूस करते हुए हमने यह मांग रखी थी, और आज उसका समाधान होते देखना सुखद है। उन्होंने इस कार्य में सहयोग देने के लिए विशेष रूप से हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल, रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार और सदर अस्पताल प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन सभी के संवेदनशील सहयोग से यह संभव हो पाया। भविष्य में भी जनता से जुड़ी हर समस्या को पूरी निष्ठा और प्राथमिकता के साथ उठाया जायेगा।

## विधायक और सांसद प्रतिनिधि ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू विधायक निर्मल महतो और सांसद मनीष जायसवाल के प्रतिनिधि अरविंद कुमार ने शनिवार को पीसीसी पथ व गार्डवाल निर्माण कार्य का संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। इससे पूर्व, विधायक और सांसद प्रतिनिधि ने पूजार्चना और नारियल फोड़ कर निर्माण कार्य शुभारंभ कराया। सांसद प्रतिनिधि अरविंद कुमार ने बताया कि डीएमएफटी फंड के तहत बड़गांव के दुबदेव से लेकर मदन ठाकुर के खेत तक पीसीसी पथ और गार्डवाल निर्माण कार्य करीब 72 लाख रुपये की लागत से शिलान्यास किया जा रहा है। मौके पर द्वारिका सिंह, पंकज शाहा, रिंकू प्रसाद, राजेश कुमार, श्याम कुमार, कपिल महतो, सुरेश महतो समेत कई लोग शामिल रहे।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, डीसी ने किया रक्तदान

# रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित, नियमित रूप से करें रक्तदान, रहें स्वस्थ : चंदन कुमार

रक्तदान करने वाले अधिकारियों और कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सबसे पहले डीसी चंदन कुमार ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत रक्त की महत्ता को बताते हुए उन्होंने सर्वप्रथम रक्तदान कर जिले के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों को भी रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। रक्तदान के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में रक्त के महत्व और जरूरतमंद व्यक्तियों तक रक्त की पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर समाहरणालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान है रक्तदान करना चाहिए रक्तदान से हम किसी की जान भी बचा सकते हैं इसके साथ ही साथ यह हमारे शरीर के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होती है।

रक्तदान शिविर के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने रक्तदान कर बताया कि रक्तदान करना है और किसी व्यक्ति की जान बचाना यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात होती है रक्तदान से हमारा शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त भी रहता है। रक्तदान से डरे नहीं जरूरतमंदों को रक्तदान जरूर करें। रक्तदान शिविर के दौरान गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने रक्तदान कर बताया कि रक्तदान करना अपने आप में एक सुखद अनुभूति है रक्तदान कर हम किसी व्यक्ति की जान तो बचा ही सकते हैं साथ ही साथ अपने शरीर को भी स्वस्थ और निरोग बना सकते हैं। इसी क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अधिकारी नगर परिषद, अंचल अधिकारी दुलमी, एसएमपीओ रामगढ़, सहित दर्जनों पदाधिकारियों और कर्मियों ने बढ़ चढ़कर रक्तदानशील में हिस्सा लिया और रक्तदान किया। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदान करने वाले अधिकारियों और कर्मियों को सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित। रक्तदान सिविल में सिविल सर्जन रामगढ़ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, यक्ष्मा पदाधिकारी, डीआरसीएचओ, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## लापरवाह कोयला लोड वाहनों को किया जायेगा ब्लैक लिस्ट: सन्नी राज



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के सिमरिया अनुमंडल के सभा कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज की अध्यक्षता में कोल परियोजना क्षेत्र में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से अनुमंडल स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक 15 मई 2025 को की गयी थी। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया ने परियोजनाओं के पदाधिकारियों को साफ शब्द में निर्देशित करते हुए कहा कि वाहन चालकों की लापरवाही के कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाओं की सूचना मिलते रहती है। इसपर नियंत्रण लगाने हेतु अभियान मोड में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करें और इसके अलावे परियोजना क्षेत्र में निरंतर ड्रिंक एंड ड्राइव जांच, ओवर स्पीड जांच करें और दृश्यता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सड़क के किनारे सुरक्षा नियम बोर्ड, गति सीमा संकेत, रिफ्लेक्टिव टेप लगाना सुनिश्चित करें। अनुमंडल स्तरीय सड़क सुरक्षा की बैठक में प्राप्त निर्देश के आलोक में जिले के कोल परियोजना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने हेतु परियोजना के अधिकारियों और ट्रांसपोर्टरों द्वारा वाहनों का स्पीड जांच, ड्रिंक एंड ड्राइव जांच और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही दृश्यता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सड़क के किनारे सुरक्षा नियम बोर्ड, गति सीमा संकेत, रिफ्लेक्टिव टेप समेत अन्य कार्य किये जा रहे है।

## भंडारे के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ का समापन

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** भंडारे और पूणार्हुति के बाद गाडीलौग में आयोजित रूद्र महायज्ञ का शनिवार को शांति पूर्वक संपन्न हो गया। इसके पूर्व आठ दिनों तक हजारों लोगों ने यज्ञमंडप का परिक्रमा किया। मंत्रोच्चार से गाड़ी लौंग में भक्ति के ब्यार बहे। मंदिर बनाने से लेकर महायज्ञ के समापन तक लगभग 75 लाख से अधिक खर्च हुए। यह राशि ग्रामीणों ने आपसी सहयोग कर किया। इस महायज्ञ को संपन्न करवाने में प्रताप चौरसिया, दीपू चौरसिया, सुनील चौरसिया, महेन्द्र यादव, तिलेश्वर साव, कुलदीप दास समेत अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

## कोयला तस्करी करने वाले नौ तस्कर गिरफ्तार

**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रतापपुर पुलिस ने अवैध कोयला तस्करी करने वाले 9 लोगों को शनिवार को लगभग 12 बजे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्करों में पंकज यादव, रितेश यादव, बिजेंद्र यादव, गणेश कुमार, राजेश कुमार, अखिलेश कुमार यादव, सुरेश गंझू, अमित महली और कुंदन महतो शामिल हैं। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि ये सभी तस्करों को तीन अवैध कोयला लदे हाइवा और एक ब्लैक स्कॉर्पियो के साथ घोरीघाट से गिरफ्तार किया गया था । पुलिस ने मौके से तीन अवैध कोयला लदा हाइवा, जिनकी संख्या जेएच19 ई /4479, जेएच02/बीक्यू 6864 और जेएच02बीपी /6298 और साथ ही कोयला तस्करों की गतिविधियों पर नजर रख रही एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी जेएच01जीए/ 6864 भी जब्त की गयी है। सभी गिरफ्तार तस्करों को न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेज दिया गया है।

पूर्व तट रेलवे
ई-निविदा सं. 10-SBP-TRD-OT-2025-26, दिनांक : 19.05.2025
कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल में TRR, TSR एवं CTR कार्य के संबंध में बॉन्डिंग (Bonding) कार्य।
अनुमानित लागत : ₹ 34,30,647.32, EMD : ₹ 68,600/-, पूरा होने की अवधि : 08 महीने।
निविदा बंद होने की तिथि व समय : 10.06.2025 को 1530 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), सम्बलपुर
PR-160/Q/25-26

# जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

## अवैध खनन और भंडारण के रोकथाम के लिए जांच अभियान चलाने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने खनिजों के अवैध खनन परिवहन और भंडारण के रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक किया। बैठक में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की गत बैठक में अवैध खनन परिवहन और भंडारण के रोकथाम के लिए दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी और आवश्यक कई दिशा निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान महाप्रबंधक, आम्रपाली द्वारा बताया गया कि विगत बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन में सीसीएल आम्रपाली प्रबंधन द्वारा फॉग कैनन -2 का उद्धाधन कर परिचालन प्रारंभ कर दिया गया है। आम्रपाली में रोड स्वीपिंग मशीन अभी आना बाकी है, जिसका परचेज ऑर्डर सीसीएल मुख्यालय से निर्गत किया जा चुका है। यथाशीघ्र उपलब्ध करने के लिए मुख्यालय से आग्रह किया गया है। इस पर उप विकास आयुक्त, चतरा द्वारा प्रबंधन द्वारा संचालित फॉग कैनन में जीपीएस मशीन का अधिष्ठापन कराने और रोड स्वीपिंग मशीनों को शीघ्र ऑपरेशनल करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कोयला लदे वाहनों से टंडवा सिमरिया रोड में हो रहे सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सीसीएल प्रबंधन को कोयला परिवहन कर रहे ट्रांसपोटर्स को सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती के साथ अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देने का भी निर्देश दिया गया। जिले के सभी अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत खनिज लदे वाहनों की जांच में इ-परिवहन चालान की वैधता / इ-चालान पुनरावृत्ति/ओवर लोडिंगआदि बिंदुओं की सघनता से जांच करेंगे। अनिबंधित वाहनों अथवा 18 वर्ष के कम आयु के चालकों के द्वारा खनिज लदे वाहनों के परिचालन करते पाये जाने पर वाहन को जब्त कर स्थानीय थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी को सूचित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान अंचलवार समीक्षा में अवैध खनन / परिवहन के विरूद्ध धीमी कारवाई पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों को विशेषकर सभी अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में अभियान में तेजी लाते हुए अवैध बालू/पत्थर / कोयला खनिज के मामले में अवैधकर्त्ता के विरूद्ध प्राथमिकी/नियमानुसार दंड राशि की वसूली की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरूद्ध माह- अप्रैल तक का तुलनात्मक कार्रवाई प्रतिवेदन की जानकारी देते हुए कहा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल माह में खनिज लोड पकड़े गये 18 वाहनों को जब्त करते हुए 11 प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। अवैध परिवहन में 30 वाहनों को जप्त करते हुए जुर्माना राशि की वसूली 651830 रुपया की गयी थी। वहीं 2025 - 26 अप्रैल माह में खनिज लोड 15 वाहनों को जब्त करते हुए 09 प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अवैध परिवहन में कुल जब्त 14 वाहनों से 306212 रुपया की जुर्माना राशि वसूल की गयी है। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, टंडवा कोल परियोजनाओं के अधिकारी, सभी संबंधित अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## वज्रपात से जला ताड़ का पेड़



**हंटरगंज/चतरा ।** थाना क्षेत्र के ढेबो गांव में शनिवार की देर शाम तेज हवा व पानी के बीच ताड़ के पेड़ पर वज्रपात होने से आग लग गयी। जिसे देख स्थानीय लोगों में थोड़ी देर के लिए हड़कंप मच गयी। स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम छः बजे के बीच हो रही वर्षा के दौरान तेज कड़क के साथ एक ताड़ के पेड़ पर बज्रपात हुई। जिससे पेड़ में आग लग गयी। आग की लपटें तेज होने लगी, लेकिन वर्षा के कारण कुछ देर बाद आग धीरे धीरे आग बुझ गयी। पेड़ को काफी नुकसान पहुंचा है, लेकिन इससे किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है ।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
संख्या : एस.जी. 664–02–टेली–2025–26 दिनांक, दिनांक 21.05.2025 ई.निविदा सचूना सं. एस.जी. 664–02–टेली–2025–26 भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।
क्रम सं० : 1. कार्य का नाम : धनबाद डिवीजन में उच्च यातायात स्तर क्रॉसिंग गेटों (टीवीयू > 50,000) पर ईएलबी और सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के लिए आवश्यक पूर्जो का प्रावधान करने हेतु। 2. कार्य का आकलित मूल्य : ₹ 1,24,21,751.58, 3. कार्य का अग्रधन राशि : ₹ 2,12,100.00, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 13–06–2025 (15:30 बजे)।
5. ऐसी ई.निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई.निविदा के ई.निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य :– प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई.निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए ये निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/0297/डीएचएन/एस&टी/टी/25–26/40

पूर्व तट रेलवे
ई-निविदा सूचना सं. ETELCONBBST-370E, दिनांक : 21.05.2025
कार्य का नाम : पूर्व तट रेलवे के बुढ़ापंक-जरपड़ा सेक्शन के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन से संबंधित तालचेर रोड TSS के लिए फीडर के साथ बुढ़ापंक यार्ड, बुढ़ापंक-तालचेर रोड सेक्शन के बचा हुआ कार्य की डिजाइन, आपूर्ति, उत्थापन, रुपान्तरण, परीक्षण एवं शुरुआत।
कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 847.91 लाख, EMD : ₹ 5,74,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 09 महीने।
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.06.2025 को 1200 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।
निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B, G एवं G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर-2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।
उप मुख्य विद्युत अभियन्ता (निर्माण-I)/ भुवनेश्वर
PR-33/CI/25-26

# नाबालिगों में बढ़ रही हिंसा और यौन उन्माद

सोशल मीडिया पर प्रदर्शित अश्लीलता, इंटरनेट और मोबाइल पर आसानी से उपलब्ध अश्लील और हिंसक सामग्री देख कर बच्चे एवं किशोर समय से पहले ही परिपक्व हो रहे हैं और उनमें जाने-अनजाने में हिंसा तथा यौन उन्माद में भारी वृद्धि भी हो रही है। इस कारण जहां नाबालिग लड़के-लड़कियां विभिन्न मनोरोगों की चपेट में आ रहे हैं, वहीं समाज में नाबालिग अपराधियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। इसके मात्र इसी महीने के चंद उदाहरण निम्न में दर्ज हैं : 1 मई को बिलासपुर में एक छात्रा से सामूहिक बलात्कार करने के आरोप में उसके सहपाठी तथा उसके 3 दोस्तों को पकड़ा गया, जिनमें से एक नाबालिग है। 7 मई को बीकानेर के कोलायत में घर से बाहर शौच के लिए गयी एक 7 वर्ष की बच्ची का मुंह बांध कर उससे बलात्कार और हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लिया। 11 मई को रांची के चान्हो थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से सामूहिक बलात्कार करने के आरोप में 3 नाबालिगों सहित 5 आरोपियों को पकड़ा गया। 18 मई को लखनऊ के चिनहट में एक महिला की गला रेत कर हत्या करने के आरोप में उसकी नाबालिग बेटी को हिरासत में लिया गया। 19 मई को दिल्ली में एक नाबालिग लड़के की हत्या करने के आरोप में 3 नाबालिगों सहित 5 आरोपियों को पकड़ा गया। 19 मई को ही दिल्ली के महिंद्रपाल थाना के अंतर्गत म्यूजिक सिस्टम के किराये में छूट न देने को लेकर हुए विवाद के चलते म्यूजिक सिस्टम की दुकान पर काम करने वाले एक युवक की हत्या करने के आरोप में 4 नाबालिगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। 19 मई को ही मैनपुरी के शिवपाल गांव में एक 6 वर्षीय बालक की सोने की चेन छीनने के लिए उसका गला दबाकर हत्या कर देने के आरोप में एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया। 20 मई को कांकेर के लखनपुरी गांव में एक 8 वर्षीय बालक से अप्राकृतिक कृत्य करने के बाद पकड़े जाने के डर से गला दबाकर उसकी हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक 17 वर्षीय नाबालिग को पकड़ा। 21 मई को कैथल में 2 लड़कों की हत्या के आरोप में पुलिस ने 7 नाबालिगों को हिरासत में लिया। 21 मई को ही मुरादाबाद में अपने घर के बाहर खेल रही एक 12 वर्षीय दलित लड़की को अपने स्कूल के प्रिंसिपल के कमरे में ले जाकर उससे बलात्कार करने के आरोप में सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले 12 से 15 वर्ष की आयु के 5 नाबालिगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। 23 मई को मलीहाबाद के एक गांव में स्कूल फीस न देने से नाराज 14 वर्षीय नाबालिग ने अपनी 70 वर्षीय दादी विद्यावती की तकिए से मुंह दबाकर हत्या कर दी, जिस पर उसे हिरासत में ले लिया गया। ये तो वे चंद घटनाएं हैं, जो प्रकाश में आयी हैं। निश्चय ही नाबालिगों का इस तरह के अपराधों में शामिल होना चिंता का विषय है।

**अश्लील और हिंसक सामग्री देख कर बच्चे एवं किशोर समय से पहले ही परिपक्व हो रहे हैं और उनमें जाने-अनजाने में हिंसा तथा यौन उन्माद में भारी वृद्धि भी हो रही है। इस कारण नाबालिग मनोरोगों की चपेट में आ रहे हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**स्वतंत्रता मिलने से पहले भारतीय सेना का गठन ब्रिटिश हुकूमत द्वारा देशवासियों को दबाने और उन पर अत्याचार कर उन्हें हमेशा गुलाम बनाये रखने के लिए किया गया था। सेना प्रमुख की हैसियत गवर्नर जनरल के बाद थी और वह सभी तरह के फैसलों में प्रमुख भूमिका निभाता था। अधिकारियों में भारतीय भी थे और जब आजाद हुए तो उनकी मानसिकता में भी बदलाव आया। प्रधानमंत्री नेहरू ने इस दिशा में सबसे पहला काम यह किया कि सेना को राजतंत्र से बाहर निकाला और देश के रक्षा मंत्रालय के अधीन कर दिया।**

# सैनिकों की आलोचना करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं

**पूरन चंद सरीन**

अक्सर नागरिकों की ओर से सेना, सैनिकों और उनके द्वारा की गयी सैन्य कार्रवाई पर नेताओं से लेकर सामान्य व्यक्ति तक आलोचना करता रहता है। कुछ भी टिप्पणी करने से पहले यह समझना जरूरी है कि भारत की सैन्य व्यवस्था का संचालन कैसे होता है और कौन करता है।

**सैन्य व्यवस्था :** स्वतंत्रता मिलने से पहले भारतीय सेना का गठन ब्रिटिश हुकूमत द्वारा देशवासियों को दबाने और उन पर अत्याचार कर उन्हें हमेशा गुलाम बनाये रखने के लिए किया गया था। सेना प्रमुख की हैसियत गवर्नर जनरल के बाद थी और वह सभी तरह के फैसलों में प्रमुख भूमिका निभाता था। अधिकारियों में भारतीय भी थे और जब आजाद हुए तो उनकी मानसिकता में भी बदलाव आया। प्रधानमंत्री नेहरू ने इस दिशा में सबसे पहला काम यह किया कि सेना को राजतंत्र से बाहर निकाला और देश के रक्षा मंत्रालय के अधीन कर दिया। इससे हुआ यह कि सेना कमांडरों की देश की सुरक्षा के अतिरिक्त अन्य कोई जिम्मेदारी नहीं थी। प्रशासनिक व्यवस्था में उनका दखल नहीं था और वे किसी भी प्रकार की नीति निर्धारण के लिए सरकार पर आश्रित थे। मंत्रालयों के सचिव किसी भी योजना की जांच-परख कर मंत्रियों के पास भेजते थे और स्वीकृति मिलने के बाद उस पर अमल किया जाता था।

**लाल बहादुर शास्त्री ने सैनिक मामलों पर सामान्य जनता से संवाद करने के लिए जय जवान का उद्घोष किया।**

देखा जाये तो यह व्यवस्था का पहला चरण था जो 1947 से 1962 तक चला। चीन से युद्ध की चुनौती सामने आयी और हम पराजित हुए तो लगा कि कहीं न कहीं कुछ ऐसा है जिसे अगर समझा और बदला नहीं गया तो देश सैन्य ताकत में पीछे रह जायेगा और यह झटका लगा कि 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा कितना खोखला था।

1957 से 1962 तक तब के रक्षा मंत्री कृष्णा मेनन की राजनीतिक सोच की भी आलोचना हुई और उन्हें इस पराजय के लिए जिम्मेदार माना गया। पंडित नेहरू के सबसे विश्वस्त और प्रभावशाली व्यक्तित्व वाले मेनन ने इस अवधि में अपने हथियारों को समय के हिसाब से तैयार करने में भूल की और शत्रु ने मित्रता की आड़ में इसका लाभ उठा कर हमारी जमीन पर इस तरह कब्जा किया कि वह जब चाहे भारत पर हमला कर सकता है, क्योंकि उसके सैन्य ठिकाने ऊपर हैं, मतलब वह हम पर हमेशा निगरानी कर सकता है। नेहरूजी चीन से युद्ध के बाद 20 महीने जीवित रहे और उन्होंने इस दौरान खुद को हार का जिम्मेदार समझते हुए भारत की सैन्य शक्ति का विस्तार करने की योजना बनायी। उन पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने भारत की सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण पर ध्यान नहीं दिया। उनकी सोच थी कि दूसरे विश्व युद्ध की भयानक तस्वीर देख कर कोई भी देश अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुद्दों को युद्ध के जरिए सुलझाने की कोशिश नहीं करेगा। कहा जाता है कि उन्हें चीन के विश्वासघात से गहरा आघात लगा, जो उनकी मृत्यु का कारण बना, परंतु अक्साई चिन का मामला आज तक नासूर बनकर रिसता रहता है। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प ने दोनों देशों के बीच रिश्तों को चौपट करने का काम किया।

**सेना की प्रतिष्ठा :** सन 1963 से 1998 का दौर सेना और नागरिकों के संबंधों का दूसरा चरण कहा जा सकता है। लाल बहादुर शास्त्री ने सैनिक मामलों पर सामान्य जनता से संवाद करने के लिए जय जवान का उद्घोष किया। 1965 के पाकिस्तान के साथ युद्ध में जीत मिलने का कारण हमारी सैन्य क्षमता थी, लेकिन उससे अधिक भारतीयों ने एकजुटता और साहस का परिचय दिया। सरकार ने नागरिकों और सैनिकों के बीच जो दूरी बन गयी थी, उसे कम करने के प्रयास किये और अपनी कमियों को सुधारने में लग गयी। सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें आधुनिक हथियारों से लैस किया और युद्ध की नयी तकनीक से परिचित कराया। हमने अमेरिका और रूस दोनों से युद्ध के शस्त्र और तकनीक लेने की बात की और नेहरू के गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत को छोड़ने में भलाई समझी और सैन्य शक्ति और सैन्य नेतृत्व के लिए सभी देशों से मदद लेना शुरू किया।

इस व्यवस्था का तीसरा चरण 1999 से 2019 का कहा जा सकता है, जिसकी शुरुआत कारगिल युद्ध से हुई थी। सेना का पुनर्गठन हुआ और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का एक नया पद बनाया गया। अभी तक सामान्य नागरिक सैनिक गतिविधियों को लेकर अधिक ध्यान नहीं देते थे, यद्यपि सेना के कार्यकुशल होने पर किसी को संदेह नहीं होता था, लेकिन कुछ विपक्षी दल और उनके लोकप्रिय नेताओं की तरफ से विवादास्पद बयान आने लगे, जिस पर केंद्र सरकार को चिंता होनी स्वाभाविक थी। शस्त्रों का परिचालन आसान नहीं होता, लेकिन उनका व्यवहार ऐसा होता है कि जैसे इन्हें चलाना कोई बड़ी बात नहीं। इतनी सक्षम सेना के बारे में जब कोई नेता उन्हें अपमानित करने के इरादे से कुछ कहता है, तो सैनिक टिप्पणी नहीं करते, बल्कि सामान्य व्यक्ति उन्हें आईना दिखाने लगता है। कुछ नेता जब सैनिक कार्रवाइयों के सबूत मांगते हैं, तब उनके अपने ही दल के लोग उनकी आलोचना करते दिखायी देते हैं। इन सब अनर्गल बातों का सेना के व्यवहार पर कोई असर नहीं पड़ता। जो सैनिक रहे हैं या जिनके परिवार में से कोई व्यक्ति शहीद हुआ है, वे समझ सकते हैं कि एक सैनिक बनना क्या होता है? अपनी जान की कुर्बानी देने के लिए तैयार रहना होता है, ताकि सामान्य लोगों को बचाया जा सके और सुरक्षित माहौल बनाया जा सके। सेना की अग्रणी पंक्ति में अमेरिका, रूस, चीन के बाद हमारी सैन्य शक्ति है और हमारे सैनिकों ने सिद्ध किया है कि हम अपने इरादों में हमेशा सफल रहे। उनकी प्रशंसा के स्थान पर आलोचना करना उचित नहीं है।



**कुछ नेता जब सैनिक कार्रवाइयों के सबूत मांगते हैं, तब उनके अपने ही दल के लोग उनकी आलोचना करते दिखायी देते हैं। इन सब अनर्गल बातों का सेना के व्यवहार पर कोई असर नहीं पड़ता। जो सैनिक रहे हैं या जिनके परिवार में से कोई व्यक्ति शहीद हुआ है, वे समझ सकते हैं कि एक सैनिक बनना क्या होता है? अपनी जान की कुर्बानी देने के लिए तैयार रहना होता है, ताकि सामान्य लोगों को बचाया जा सके और सुरक्षित माहौल बनाया जा सके।**

## कोल्हान की खबरें

# कलिंगानगर प्लांट विस्तार केवल औद्योगिक विकास ही नहीं, बल्कि समृद्ध भविष्य की नींव : मोहन चरण माझी

## आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम : टीवी नरेंद्रन

**टाटा स्टील कलिंगानगर में द्वितीय चरण का विस्तार, उत्पादन क्षमता 3 से बढ़ कर 8 मिलियन टन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जाजपुर/जमशेदपुर।** ओड़िशा के सीएम मोहन चरण माझी ने टाटा स्टील कलिंगानगर परियोजना के दूसरे चरण के विस्तारीकरण का भव्य उद्घाटन किया। विस्तार के बाद क्रूड स्टील उत्पादन क्षमता 3 मिलियन टन प्रति वर्ष से बढ़कर 8 मिलियन टन हो गयी। परियोजना में 27,000 करोड़ का निवेश किया गया। उद्घाटन समारोह में सीएम मोहन चरण माझी के साथ ओडिशा सरकार के सहकारिता, हैंडलूम, वस्त्र एवं हस्तशिल्प मंत्री प्रदीप बल सामंता, उद्योग मंत्री संपद चंद्र स्वैन, जाजपुर के सांसद डॉ रवींद्र नारायण बेहरा सहित टाटा स्टील के सीइओ एवं प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



**टाटा स्टील का आत्मनिर्भर भारत में योगदान :** टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने कहा कि कलिंगानगर संयंत्र हमारे सामूहिक प्रयासों की सफलता के प्रतीक है। यह विस्तार आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। देश का सबसे बड़ा ब्लास्ट फर्नेस फेज-टू के तहत स्थापित 5,870 घन मीटर क्षमता वाला ब्लास्ट फर्नेस देश का सबसे बड़ा है, जो ऊर्जा दक्षता और पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह फर्नेस चार टॉप कंबशन स्टोव्स और दो प्रीहीटिंग स्टोव्स से युक्त है, जो ईंधन की खपत को न्यूनतम बनाते हैं।

**तकनीक, नवाचार और स्थिरता पर जोर :** विस्तारीकरण में पेलेट प्लांट, कोक प्लांट और कोल्ड रोलिंग मिल जैसे अत्याधुनिक यूनिट शामिल हैं। यह संयंत्र रक्षा, ऑटोमोबाइल, अवसंरचना, इंजीनियरिंग, नवीकरणीय ऊर्जा व अन्य क्षेत्रों के लिए विश्वस्तरीय इस्पात उत्पादन की क्षमता रखता है। टाटा स्टील कलिंगानगर का विस्तार केवल ओड़िशा नहीं, बल्कि पूरे भारत के औद्योगिक और आर्थिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

### ओड़िशा बना टाटा स्टील का सबसे बड़ा निवेश केंद्र

यह विस्तार ऑटोमोबाइल, बुनियादी अवसंरचना, ऊर्जा, जहाज निर्माण और रक्षा जैसे क्षेत्रों के लिए उच्च शक्ति वाले इस्पात के उत्पादन को लक्षित करता है। इस परियोजना के साथ ओडिशा टाटा स्टील का सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बनकर उभरा है।सीएम मोहन चरण माझी ने कहा टाटा समूह ने दशकों से देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कलिंगानगर प्लांट का यह विस्तार केवल औद्योगिक विकास नहीं बल्कि एक समृद्ध भविष्य की नींव है। उन्होंने टाटा समूह की प्रतिबद्धता, सामाजिक सरोकारों और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।

# झारखंड सरकार की शराब नीति में 600 से 700 करोड़ का घोटाला हुआ : रघुवर

**भाजपा शासनकाल के वर्ष 2018 में बनायी गयी शराब नीति ही सबसे श्रेष्ठ थी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर/रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने राज्य की झारखंड सरकार की शराब नीति पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा झारखंड में वर्तमान सरकार की शराब नीति में 600 से 700 करोड़ की घोटाला हुआ है, जिसमें कुछ लोग पहले ही होटवार जेल में बंद हैं और जल्द ही कई अन्य गिरफ्तारियां संभावित हैं। रघुवर दास ने दावा किया मौजूदा सरकार ने स्वयं स्वीकार किया भाजपा शासनकाल के वर्ष 2018 में बनायी गयी शराब नीति ही सबसे श्रेष्ठ थी। हाल ही में झारखंड कैबिनेट द्वारा पारित की गई झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली 2025 में 2018 की नीति को ही आधार बनाया गया है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार की नीति के कारण 2018-19 में शराब से राजस्व 1082 करोड़ से बढ़ कर 2019-20 में 2009 करोड़ हो गया था, जो इस बात का प्रमाण है, वह नीति राज्यहित में थी, जबकि, वर्तमान सरकार द्वारा बनायी गयी दो नयी नीतियों के चलते न केवल राजस्व में गिरावट आयी, बल्कि ग्राहकों की शिकायतें, पॉपुलर ब्रांड की अनुपलब्धता, एमआरपी से अधिक दर पर बिक्री और अंडर रिपोर्टिंग जैसे भ्रष्टाचार सामने आये।

रघुवर दास ने सरकार से तीखे सवाल करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मैंफेयर होटल में सात दिन तक ठहरे झारखंड के मंत्री और विधायक, इस खर्च का वहन किसने किया? क्या यह राज्य सरकार ने उठाया या छत्तीसगढ़ के शराब माफियाओं ने? उन्होंने कहा यह एक गंभीर मामला है, जिस पर सरकार को जवाब देना चाहिए। पूर्व सीएम ने आरोप लगाया वर्तमान सरकार की नीति स्वार्थ और कमीशनखोरी पर आधारित है। जिससे झारखंड की छवि राष्ट्रीय स्तर पर धूमिल हुई है और जनहित को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा जब सरकार की नीति स्पष्ट होती है, नियत साफ होती है और नेतृत्व मजबूत होता है, तो उसके निर्णयों में जनता का हित दिखायी देता है, लेकिन वर्तमान सरकार में इन सबकी भारी कमी है। रघुवर दास ने इस पूरे मामले की सीबीआइ जांच की मांग दोहराई और कहा भाजपा जनहित और राज्य हित से जुड़े हर मुद्दे को विधानसभा से लेकर सड़क तक उठाती रहेगी।

# कुख्यात अपराधी श्रवण महतो समेत चार गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** दहशत का पर्याय बन चुके कुख्यात अपराधी श्रवण महतो उर्फ बाबा आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया। शनिवार को एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि पुलिस ने श्रवण महतो के साथ तीन अन्य अपराधियों में मोहम्मद अरमान, अर्जुन सिंह उर्फ अर्जुन कुमार और धर्मेंद्र प्रमाणिक को भी गिरफ्तार किया। उनके पास से एक देशी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और छह मोबाइल सिम कार्ड बरामद किया। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि श्रवण महतो के खिलाफ कांड्रा, चाईबासा और देवघर थाना क्षेत्रों में आधा दर्जन गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं मोहम्मद अरमान के खिलाफ कपाली थाना क्षेत्र में भी आपराधिक इतिहास है। एसडीपीओ समीर कुमार संवैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। गिरफ्तारी के बाद चारों आरोपियों से पूछताछ के पश्चात उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी ने कहा कि जिले में अपराध और दहशत फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



# नोडल पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जिले के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देश पर जिले भर के विभिन्न प्रखंडों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में नामित नोडल पदाधिकारियों ने सरकार की प्रमुख विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। शनिवार को निरीक्षण के दौरान योजनाओं की जमीनी हकीकत का आकलन एवं लाभुकों से संवाद स्थापित कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आइटीडीए दीपांकर चौधरी ने घाटशिला के भादुवा पंचायत, धालभूम एसडीओ शताब्दी मजूमदार ने बोड़ाम पंचायत, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद ने पटमदा प्रखंड के बिडरा पंचायत, एसओआर राहुल आनंद ने धालभूमगढ़ के कोकपाड़ा पंचायत, घाटशिला के एसडीओ सुनील चंद्र ने चाकुलिया के चालुनिया पंचायत, डीसीएलआर निखिल सुरीन ने बहरागोड़ा प्रखंड के बहुलिया पंचायत तथा डीसीएलआर गौतम कुमार ने पोटका के हाड़तोपा पंचायत का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों, महिला समूहों और लाभुकों से सीधा संवाद कर योजनाओं की पहुंच, पारदर्शिता, प्रभावशीलता पर फीडबैक लिया।

# कदमा में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन

**ओड़िशा से आये कलाकारों ने बांधा भक्ति का माहौल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पश्चिम ओड़िशा युवा समिति के तत्वावधान में कदमा स्थित पुराना टीसी कॉलोनी रंकिनी मंदिर के पास तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन सैकड़ों भक्तों ने शामिल होकर पूजा में लीन रहे। ओड़िशा से आये कलाकारों और शहर के भजन मंडलियों ने भक्ति रस का अद्भुत संचार किया।मौके पर हरि नाम संकीर्तन, भजन और पूजा-अर्चना की श्रृंखलाएं निरंतर चलती रहीं। अखंड हरि कीर्तन की सफलता में सूरज हरपाल, शंकर सागर, सुरेश बारिक, भक्तो बाग, मोहन सोना, मिश्रा बाग, शुरू लाल कुमार, अवतार, बिनोद महानंद, किए किस्टो, महामंड सोना, रामु महाकर, बिरू महामंत्र, जागुमा एक, ललित तांडी, बिमल बेसरा, अलोक नाग, पप्पु सागर और शरत सुना की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में धार्मिक विधियों का संचालन पुजारी नित्यानंद पति के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 25 मई, 2025
www.azadsipahi.in


## जमीन विवाद में हुई मारपीट, दोनों पक्षों से पांच लोग घायल

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के गोंदा गांव निवासी पूनम देवी ने मारपीट करने के संबंध में थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन के अनुसार पति भीम देव प्रजापति ससुर बाबूलाल प्रजापति सभी लोग अपने दरवाजे पर बैठे हुए थे तभी गांव के ही बीडीसी कृष्णदेव प्रजापति अपने परिवार के सदस्यों के साथ मेरे यहां पहुंचे और हम सभी लोगों के साथ मारपीट करने लगे जिसमें हम लोग घायल हो गये। पीड़िता पूनम के आवेदन के अनुसार मारपीट करने के बाद सभी लोगों ने घर में घुसकर रखे हुए सामान को तोड़फोड़ करना शुरू कर दिये साथ ही 25 हजार रुपये सोने का चैन, झुमका, बक्सा में रखा हुआ जमीन का कागजात भी लेकर चले गये। थाना में आवेदन देकर पीड़िता ने जांच कर कानूनी कार्रवाई करने का मांग की है। इस संबंध में बीडीसी कृष्णदेव प्रजापति का कहना है कि भूमि विवाद को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा जबरदस्ती मेरे जमीन पर अवैध कब्जा कर घर बना रहे थे, इसी दौरान मना करने पर दोनों पक्षों में विवाद हुआ है। मेरे लड़के के साथ मारपीट कर घायल किया गया है। इस संबंध में मेराल थाने में लिखित आवेदन भी दिया गया है।

# आधी रात को शराब के लिए दुकानदार पर गोली चलाने वाले चार गिरफ्तार, एक फरार

## 40 रुपये को लेकर अपराधियों ने होटल संचालक पर चलायी थी गोली

**गिरफ्तार अभियुक्तों का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है, सीसीए की होगी सिफारिस : एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के मेन रोड स्थित विराट रेस्टोरेंट के संचालक सोनू केशरी उर्फ सन्नी केशरी पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में चैनपुर थाना क्षेत्र के हरिनामाड़ निवासी सुशील कुमार तिवारी उर्फ छोटू तिवारी, दीपूआ मोहल्ला निवासी ज्ञान प्रकाश तिवारी उर्फ राजन तिवारी, गढ़ देवी मोहल्ला निवासी रितेश रंजन उर्फ बंपी पटवा और रवि चंद्रवंशी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्टल, एक लोडेड कट्टा, एक जिंदा गोली और घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

एसपी ने बताया कि घटना 15 मई की रात 11:58 बजे घटी थी, जब छोटू तिवारी अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट में शराब लेने गया था। उन्होंने तीन बोतल बीयर खरीदी, जिसकी कीमत 600 रुपये थी, लेकिन रवि चंद्रवंशी ने केवल 560 रुपये ही दिए। इस बात को लेकर संचालक सोनू केशरी और छोटू तिवारी के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद गुस्से में आकर छोटू ने फायरिंग कर दी। पुलिस जांच में पता चला कि राजन तिवारी के घर से एक और देसी कट्टा भी बरामद हुआ है। इस मामले में एक अन्य आरोपी दीपक तिवारी अब भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी एसपी ने बताया कि सभी आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है - छोटू तिवारी पर छह, राजन तिवारी पर तीन, रितेश और रवि पर एक-एक मामला दर्ज है। उन्होंने व्यवसायियों से अपील की किसी भी घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। इस मामले में पुलिस को घटना की जानकारी अगले दिन मिली, जिससे कार्रवाई में देर हुई और अपराधी भागने में सफल रहे। छापेमारी टीम में प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, थाना प्रभारी बृज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक गुलशन कुमार, जनार्दन राउत और सहायक अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# डंडई प्रखंड कार्यालय में नव निर्मित कर्मचारी भवन की चारदीवारी बारिश में ढही, लापरवाही का आरोप

जितेंद्र यादव



**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड कार्यालय परिसर में अधिकारी व कर्मियों को रहने को लेकर आवास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आवास का निर्माण कार्य अभी पूर्ण हुआ नहीं हल्की ही बारिश में चारदीवारी गिर कर धरासायी हो गयी। जिससे यह चारदीवारी भवन निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर सवाल खड़ा कर रही है। चारदीवारी से कर्मियों के आवास को चारों तरफ घेराव किया गया था। जिसका निर्माण कार्य अभी पूर्ण रूप से पूरा नहीं हुआ और चारदीवारी गिरकर धरासाई हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि भवन निर्माण कार्य में संवेदक के द्वारा भारी अनियमितता बरती गयी है। अभी भवन निर्माण कार्य हुआ नहीं चारदीवारी गिरकर धरासाई हो गयी, जिससे साफ जाहिर होता है कि भवन निर्माण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है। चारदीवारी के बने अभी छह महीने भी नहीं हुआ और उसका गिर जाना निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है। चारदीवारी को गिरने की जानकारी जैसे ही संवेदक को मिला वैसे ही आनन फानन में गिरी हुई दीवार को ठीक कराने कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जब प्रखंड कार्यालय परिसर के काम में इस तरह का गुणवत्ता का ख्याल रखा गया है। बाकी जगहों पर होने वाला काम का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

ग्रामीणों ने भवन निर्माण कार्य के गुणवत्ता को जांच कर संवेदक व संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग किया है।

**पक्ष में : इस मामले में संवेदक मिथिलेश तिवारी ने कहा कि बारिश के कारण मिट्टी धंस गयी। जिससे चारदीवारी का एक हिस्सा गिर गया है। उसे तुरंत ठीक कराया जा रहा है।**

# मातृ सम्मेलन का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में अहिल्याबाई होलकर के तीन सौवें जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भवनाथपुर पंचायत के मुखिया बेबी देवी, विद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, कोषाध्यक्ष गौतम कुमार सोनी, प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहनों ने आदिति पाठक, पूर्णिमा सिंह तथा श्रीमती अंकित मिश्रा के निर्देशन में सिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रमों से माताओं का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में मातृ भाव प्रेम को दर्शाते हुए भैया बहनों ने नृत्य एकल गीत सामूहिक गीत आदि प्रस्तुत किये गये। भैया बहनों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित एक नाटक किया गया जिसे देख कर सभी मातायें भावुक हो गईं। इस मौके पर मुख्य अतिथि बेबी देवी ने कहा कि बच्चों के देखभाल के साथ-साथभारतीय संस्कृति को सुरक्षित रखना तथा अपने बच्चों में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाना हम माताओं का प्रथम धर्म है। प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने कहा कि निमार्णो के पावन युग में हम चरित्र निर्माण ना भूलें आप अभिभाविका हमारे विद्यालय के एक मजबूत स्तंभ है आपके सुझावों से विद्यालय के प्रगति में बड़ा योगदान होगा। अरविंद प्रताप सिंह सेंगर ने कहा कि पिता अपने पुत्रों के जरूरत को पूरा करने के लिए दिन रात घर से बाहर रखकर कार्य करते हैं घर में मन ही होती है जो बच्चों में संस्कार एवं पढ़ाई के प्रति उनमें रुचि उत्पन्न करती है। मंच संचालन दशम की बहन इच्छा गुप्ता ने किया। मौके पर आचार्य राम इकबाल शर्मा, अजय कुमार, उज्जवल कुमार, योगेंद्र, चिरंजीवी, मनोज, विभा, पीयूष, धीरज, पुनीत, सुनीता, पूनम, पूजा, स्नेहा, सीमा, रीता उपस्थित थें।

## बीडीओ की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय विकास योजनाओं की हुई समीक्षा



गढ़वा (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी, गढ़वा कुमार नरेंद्र नारायण द्वारा बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रखंडस्तरीय संचालित हो रही विभिन्न विकास योजनाएं यथा आवास, मनरेगा, 15वें वित आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक के दौरान अपने सभी संबंधित पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों को अपने कर्तव्य के प्रति सचेत रहते हुए संबंधित पंचायत में चल रही योजनाओं का सतत पर्यवेक्षण करने एवं योजनाओं में गति लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्हें बताया गया कि योजनाओं के कार्यन्वयन में किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी संबंधित पंचायत सचिव ग्राम रोजगार सेवक के साथ समन्वय बनाते हुए कार्य करने का निदेश दिया गया। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 मे अबुआ आवास की प्रगति एवं 2024-25 मे अबुआ आवास मे प्लिंथ लेवल तक की प्रगति, प्रधानमंत्री आवास योजना के भुगतान संबंधित मामले तथा मनरेगा में आम बागवानी से संबंधित विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गयें। उक्त बैठक में मुख्य रूप से प्रधान सहायक राजीव दुबे, बीपीओ मनरेगा सरिता सिंह, आवास को-ऑर्डिनेटर सुमित पाठक, पंचायत सचिव विनोद गुप्ता, चंद्रदेव तिवारी, सुरेश चौधरी, विजय यादव, परमानंद राम, अमित कुमार, आशीष कुमार, सीमा कुमारी, रूपा कुमारी तथा सभी संबंधित रोजगार सेवक उपस्थित थें।

# जीएन कॉन्वेंट स्कूल में सीनियर वर्ग का समर कैंप सह पुरस्कार वितरण समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में सीनियर वर्ग का समर कैंप समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में सीनियर वर्ग के बच्चों का समर कैंप का समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। बच्चों में छाई खुशी की लहर। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

तद्पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के पश्चात उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि समर कैंप बच्चों को आत्मविश्वास, स्वतंत्रता, सामाजिक कौशल, नेतृत्व कौशल और शारीरिक फिटनेस विकसित करने में सक्षम बनाते हैं। समर कैंप में बच्चों को कई तरह की गतिविधियों और कौशल सिखाये जाते हैं खासतौर से सीनियर वर्ग में जो कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के लिए कराया गया।

समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में मोहित कुमार, चिराग चौबे, कृष्णा केशरी, दिव्यांशु कश्यप, उज्जवला कुमारी, सोनाली केशरी, रीति शर्मा, रूपांजलि कुमारी, शिवांगी पाल, श्रेया कुमारी, शिल्पी दुबे, खुशी तिवारी, जन्नत परवीन, तृप्ति शर्मा, अंशी दुबे, पलक कुमारी, स्मृति भाग, रानी केशरी, संध्या केशरी, वर्णयम पटवा,सिशांक सिंह, आयुष कुमार, फैज आदि को प्रशस्ति पत्र, मेडल, ट्रॉफी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुकेश भारती, विकास कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, रागिनी कुमारी, ऋषभ श्रीवास्तव, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## बारातियों से भरी तेज रफ्तार पिकअप पेड़ से टकरायी, आठ गंभीर रूप से घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर श्रीबंशीधर नगर मुख्य पथ पर विद्युत सबस्टेशन के समीप शुक्रवार की रात बारातियों से भरी तेज रफ्तार पिकअप वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। इस दुर्घटना में पिकअप पर सवार आठ बाराती गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायल नाबालिग यूपी के विंढमगंज थाना क्षेत्र के बैरखड़ निवासी प्रदीप कुमार 10 वर्ष, सत्यनारायण गोड़ 14 वर्ष, सुबेश कुमार पिता पिंटू भुइंया 10 वर्ष, मुकेश कुमार 11 वर्ष पिता जगमोहन गोड़, विकास कुमार 11 वर्ष पिता विनय कुमार, रामकुमार 13 वर्ष पिता भोला गोड़, पप्पू 11 वर्ष पिता जगमोहन गोड़, जयप्रकाश गोड़ 12 वर्ष पिता उपप्रधान गोड़ का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को अन्य बारातियों द्वारा ईलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में लाया गया, जहां चिकित्सक फैज अहमद द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल विकास कुमार, रामकुमार गोड़, पप्पू गोड़, जयप्रकाश गोड़ को बेहतर ईलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त सभी पिकअप वैन पर सवार लोग यूपी के विंढमगंज थाना के बरीखड़ गांव से खरौंधी थाना क्षेत्र के चौरिया गांव बारात जा रहे थे, तभी छः मईलवा स्थित विद्युत सबस्टेशन के समीप बारातियों से भरी पिकअप वैन तेज रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। बारातियों के अनुसार पिककप चालक नशे में धूत था।

# पदाधिकारी अपने कार्यों को ससमय पूर्ण करें: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री जन मन योजना तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में योजना को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों पर बिंदुवार चर्चा की गयी तथा इसे ससमय पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। विदित हो की प्रधानमंत्री जन मन योजना 15 नवंबर 2023 को खूंटी जिले से प्रारंभ किया गया था जिसके अंतर्गत पूरे भारतवर्ष के आदिम जनजाति बहुल ग्रामों के संपूर्ण उत्थान हेतु विभिन्न विभागों के द्वारा मूलभूत आवश्यकताओं जैसे पक्का मकान, पेयजल, पक्की सड़क, हॉस्पिटल का निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड सहित कई योजनाओं का सैचुरेशन मोड में क्रियान्वित किया जाना है। उक्त योजना का कार्यकाल 31 मार्च 2026 रखा गया है। गढ़वा जिले के 17 प्रखंडो में कुल 195 आदिम जनजाति बहुल ग्रामों में विभिन्न विभागों के द्वारा 8 प्रमुख एवं कुल 17 से ज्यादा योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है।

इसी प्रकार 2 अक्टूबर 2024 को हजारीबाग जिले से धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का प्रारंभ किया गया था जिसमें पूरे झारखंड के वैसे ग्रामों को चयनित किया गया था। गढ़वा में कुल 15 ब्लॉक के 18 पंचायतों से 113 ग्रामों का चयन किया गया है जिसमें रहने वाले कुल 18522 घरों के 96724 की जनसंख्या को सभी मूलभूत आवश्यकताओं तथा महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करते हुए आच्छादित किया जाना है। बताते चले की धरती आबा योजना 5 साल की योजना है जो 31 मार्च 2029 तक क्रियान्वित की जानी है।


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (विधि शाखा)

**—: आम सूचना :—**

निदेशानुसार, एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि अपर समाहर्त्ता, कोडरमा के पत्रांक 637/रा० दिनांक 15.05.2025 से प्राप्त विविध वाद संख्या 78/2023–24 इस्तीयाक खान, पिता–इन्ताफ खान, ग्राम–पथलकुदवा, थाना–जयनगर, जिला–कोडरमा में ग्राम–पथलकुदवा, थाना सॉ–86, खाता सॉ–01, प्लॉट सॉ–02,26,50,51 वगैरह्, कुल रकवा–31.49 एकड़ भूमि की सुनवाई उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में की जा रही है।

अतः प्रश्नगत् वाद से संबंधित प्रस्तावित भूमि पर यदि किसी व्यक्ति को कोई दावा अथवा आपत्ति हो, तो वे उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में उक्त वाद की अगामी निर्धारित तिथि दिनांक **27.05.2025** को अपराह्न 3:00 बजे के पूर्व उपरोक्त भूमि से संबंधित आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित् करेंगे।

**भूमि का विवरण निम्नवत् है :–**

| राजस्व ग्राम का नाम | पुलिस थाना | थाना नं० | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | रकवा |
|---|---|---|---|---|---|
| पथलकुदवा | जयनगर | 86 | 01 | 02,26,50,51 वगैरह् | 31.49 ए० |

ह0/–
प्रभारी पदाधिकारी
विधि शाखा, कोडरमा

PR 353425 District(25-26).D



## स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
### कार्यालय :- जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा

**-: कार्यालय आदेश :-**

जिला आयुष समिति, कोडरमा के अधीनस्थ संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/राजकीय आयुर्वेदिक होमियोपैथिक युनानी एवं संयुक्त औशधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उपकेन्द्र हेतु पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षक रखा जाना है इच्छुक अभियार्थियों से निम्नलिखित शर्त के अधिन विज्ञापन की तिथि से दिनांक 31.05.2025 संध्या 06 बजे तक जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क. | पद का नाम | पद की संख्या | आवश्यक आहर्ता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | योग प्रशिक्षक (पुरुष/महिला ) | पुरुष 34 महिला 21 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिपलोमा/सर्टिफिकेट बोर्ड का होना या योग सर्टिफिकेशन बोर्ड/प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड प्रशिक्षक | योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सत्र के लिए रू0 250/– देय होगा। |

1. आवेदन हेतु विहित प्रपत्र में वांछित सभी सूचना भरते हुए संबंधित सभी तरह के प्रमाण पत्रों की स्वाहस्ताक्षरी छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो (02 प्रति) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. वांछित विहित आवेदन पत्र में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/राजकीय आर्वेदिक, होमियोपैथिक, युनानी एवं संयुक्त औषधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र कार्यस्थल चयन हेतु वरीय के आधार पर तीन स्थल चयन अनिवार्य होगा।
3. प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (विापन के साथ सूची संलग्न) में योग/अन्य Wellness Activities का पुरुष योग प्रशिक्षक को कम से कम 10 एवं अधिकतम 32 एवं महिला योग प्रशिक्षक का कम से कम 10 एवं अधिकतम 20 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जायेगा।
4. प्रत्येक आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र (विज्ञापन के साथ सूची संलग्न) में पुरुष योग प्रशिक्षक को कम से कम अधिकतम 10 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जाएगा।
5. कार्य दिवस/योग सत्र आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा दिये गये मार्गदर्शिका के अनुरूप होगी।
6. स्थलीय प्रमाणित (Certified) योग प्रशिक्षक एवं अनुभवी योग प्रशिक्षक को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जायेगी। जिस हेतु स्थानीय प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। कोडरमा जिला के स्थानीय अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
7. यदि एक से अधिक अभ्यार्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति में योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।
8. आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष राजकीय आयुष औषधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र के 5–10 किलोमीटर परिधि में रहने वाले योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जायेगी।
9. योग/अन्य Wellness Activities के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निर्धारित जगह चिन्हित की जायेगी। यदि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जगह उपलब्ध नहीं होगी वैसी स्थिति में निकटतम स्कूल, पंचायत भवन, आँगनवाडी केन्द्र या अन्य सरकारी सामुदायिक भवन में योग/अन्य Wellness Activities के लिए जगह निर्धारित किया जा सकता है।
10. भर्ती के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यार्थी पात्रता/मापदण्ड/तथ्यों को पूरा नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।
11. उमिदवार को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा, अगर भविष्य में नियमितीकरण का दावा करते हैं तो वैसी स्थिति में उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी।
12. आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष/राजकीय आयुष औषधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र की सूची एवं आवेदन हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय सूचनापट एवं NIC Koderma Portal https://koderma.nic.in पर उपलब्ध है।
13. प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा (स्कूटनी) के पश्चात् साक्षात्कार की तिथि प्रकाशित की जायेगी।
14. इस विज्ञापन में टंकक अशुद्धि/संसोधन/आवश्यक्तानुसार रद्द करने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 353445 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D


# समर कैंप बच्चों के रचनात्मक और सृजनात्मक विकास के लिए महत्वपूर्ण पहल : अलखनाथ पांडेय

**आरके पब्लिक स्कूल मे तीन दिवसीय समर कैंप का समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय समर कैप का समापन आरकेवीएस के सभागार में किया गया। कैंप में स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच इंटर हाउस इनडोर गेम्स - चेस, कैरम, टेबल टेनिस और आउटडोर गेम्स - कबड्डी, खो-खो और विभिन्न प्रतियोगिता जैसे- पेंटिंग, रैंप वॉक, फूड स्टॉल, संगीत, योगा, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि आयोजित की गई। इस समापन समारोह के अवसर पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने अभिभावकों के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। वैभवी मिश्रा और उसके ग्रुप के द्वारा मनमोहक स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर निदेशक ने कहा कि तीन दिवसीय समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि ऐसे कैंप से बच्चों को कई तरह के फायदे होते हैं। जैसे कि रचनात्मकता और सृजनात्मकता का विकास, आत्मविश्वास में वृद्धि, सामाजिक कौशल में सुधार, विभिन्न प्रतिभाओं की खोज, स्वास्थ्य और फिटनेस, अनुशासन और समय प्रबंधन, मजेदार और सीखने भरा अनुभव। इस प्रकार, तीन दिवसीय समर कैंप बच्चों के विकास के लिए एक प्रेरणादायक और लाभकारी अनुभव साबित हुई है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आगे उन्होंने कहा कि आजकल बच्चे ऑनलाइन गेम व स्मार्ट फोन के शिकार होकर शारीरिक व मानसिक रुप से बीमार हो रहे हैं। इस तरह के कैंप का आयोजन करने से बच्चों के अंदर खेल भावना का विकास करना, उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं के लिज तैयार करना और उनका शारीरिक-मानसिक विकास करना है। इस कैंप में अभिभावकों के साथ स्कूल के निदेशक ने बच्चों की पढ़ाई व उनके गतिविथियों के साथ साथ स्कूल के शैक्षणिक कार्यों व उपलब्धियों की भी चर्चा की। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे इस ग्रीष्मावकाश में बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान रखें और प्रतिदिन रीडिंग -राइंटिंग के साथ-साथ गृहकार्य करने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और फूड स्टॉल में लगे विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुप कुमार पाण्डेय, गीता पांडेय, इंतियाज खान, श्वेता पांडेय, संजय कुमार, संदीप ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर बीएड के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय, प्रवीण दूबे, रितेश जयसवाल, राजेंद्र चौबे, आनंद मिश्रा, सतीश तिवारी, रोशन दूबे, रोहित कुमार और बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

# जेजेएमपी प्रमुख और उप प्रमुख का खात्मा सुरक्षा बलों के लिए बहुत बड़ी सफलता : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार के ईचाबार जंगल में पुलिस और सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में झारखंड जनसंघर्ष मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो पप्पू लोहरा और सबजोनल कमांडर प्रभात गंझू को मार गिराने की घटना को सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता बतायी। प्रतुल ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के समन्वय में से राज्य सरकार लगातार नक्सली उन्मूलन के लिए ऑपरेशन चल रही है। हर जिले में बड़ी सफलता मिल रही है। लातेहार में लातेहार पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों ने पप्पू लोहरा को मार कर ग्रामीणों को आतंक और व्यवसायियों को फिरौती वसूलने के दंश से मुक्त कराया है। प्रतुल ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी स्पष्ट कहा है कि 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सली मुक्त कर



लिया जायेगा। हाल के दिनों में लातेहार में उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी सफलताएं मिली हैं। प्रतुल ने आशा व्यक्त किया कि कि लातेहार जिला से भी शीघ्र उग्रवाद का शीघ्र समूल नाश हो जायेगा। नक्सली अब सिमट कर छोटे इलाकों में छुपने को मजबूर हैं। झारखंड को नक्सलमुक्त बनाने की दिशा में ये एक मजबूत कदम है। प्रतुल ने ऑपरेशन की सफलता के लिए लातेहार पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल और झारखंड पुलिस का साधुवाद किया।

# कार्यकर्ता ही मेरी पूंजी, जनता के बीच रहकर करूंगा कार्य : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पूर्व मंत्री सह लोहरदगा के वर्तमान विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव शनिवार को राजेंद्र भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय और विधायक कार्यालय पहुंचे। जहां पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं और आमजनों ने अपनी विभिन्न समस्याएं लिखित आवेदन के माध्यम से विधायक के समक्ष रखीं। डॉ. उरांव ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित



विभागों के अधिकारियों से बात कर त्वरित समाधान के निर्देश दिया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि मैं लोहरदगा की जनता का आभारी हूं, जिन्होंने दोबारा सेवा का अवसर दिया। यहां के कार्यकर्ता ही मेरी असली पूंजी हैं। मैं जनता के बीच रहकर कार्य करूंगा और विधायक निधि के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य तेजी से कराये जायेंगे। जनता बेझिझक अपनी समस्याएं रखे, हर समस्या का समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, खुर्सीद रूमी, सोमनाथ मुंडा, जिप अध्यक्ष रीना भगत, मोहन दूबे, विशाल डुंगडुंग, सीमा परवीन, संभु प्रजापति सहित दर्जनों प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान सौहार्द्रपूर्ण माहौल में जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद स्थापित हुआ, जो लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने का प्रतीक रहा।

## लोहरदगा के एथलेटिक राज्य स्तरीय सीनियर ओपन एथलेटिक चैंपियनशिप में भाग लेने बोकारो रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला कोच विकास कुमार के नेतृत्व में पांच खिलाड़ियों के दल के साथ चन्दनकियारी बोकारो रवाना हुए। इस अवसर पर लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के कार्यकारी सचिव किशोर कुमार वर्मा ने कहा कि जिला कोच विकास कुमार के नेतृत्व में जीतेन्द्र उरांव( 1500, 800मीटर ), विक्की यादव (5000, 3000 मीटर )निलेश उरांव (3000, 1500 मीटर )विलयम उरांव (800, 1500 मीटर ) तथा शिवा कुमार साहू उपर्युक्त खेलों में भाग लेंगे। जिला एथलेटिक एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू, संगठन सचिव संजय कुमार साहू, जिला कार्यकारी सचिव कयूम खान, अजय प्रसाद, और वरीय उपाध्यक्ष जाहिद अहमद, तथा सरंक्षण मनोज प्रसाद अधिवक्ता, मदन मोहन पाठक, हाजी शकील अहमद, हाजी अफसर कुरैशी, हाजी अब्दुल जब्बारुल, ओमप्रकाश सिंह, ऐनुल अंसारी, शैयद सुजाउद्दीन, साजिद अहमद, अलोक रॉय, फोरोज राही, कमल केशरी, लालमोहन केसरी आदि ने जिला के एथलेटिक को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद किया है कि जिला के एथलेटिक अच्छा प्रदर्शन कर जिला का नाम रोशन करेंगे। ज्ञातव्य हो कि लोहरदगा जिला एथलेटिक मीट दो दिवसीय दिनांक 31 मई और 01 जून 2025 को ललित नारायण स्टेडियम में किया जायेगा जिसका ऑनलाइन इंट्री दिनांक 30 मई 2025 तक किया जायेगा। खेलकूद प्रतियोगिता प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक और शाम 3 बजे से 5 बजे तक किया जायेगा।

# आंगनबाड़ी भवन की ईंट निजी मकान में उपयोग होने की पंचायत समिति सदस्य ने की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के पोखरी कला के लोहार टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को अवैध रूप से उखाड़कर अपने निजी मकान के निर्माण में सामग्री उपयोग किये जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पंचायत समिति सदस्य असमीना बीबी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य पति अफजल अंसारी के हाथों एक लिखित शिकायत सौंपी गयी है। शिकायत के अनुसार, वर्ष 2008-



09 में निर्मित यह आंगनबाड़ी भवन रूफ लेवल तक बना हुआ था, जिसकी छत की ढलाई अब तक नहीं हो सकी थी। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान असमीना बीबी ने पाया कि अब उक्त भवन पूरी तरह से गायब है। स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ करने पर पता चला कि गांव के ही निसार अहमद, पिता दरबारी मियां, ने आंगनबाड़ी भवन की ईंटों को निकालकर अपने निजी मकान के निर्माण में उपयोग किया है। प्राथमिक जांच में भी यह पुष्टि हुई कि भवन से हटाई गयी ईंटें आरोपी के घर पर डंप की गयी हैं, जो मौके पर मौजूद हैं। असमीना बीबी ने इस मामले को सरकारी संपत्ति की अवैध निकासी और बच्चों की बुनियादी शिक्षा और पोषण व्यवस्था से जुड़े संस्थान को नष्ट करने का गंभीर अपराध बताया है। उन्होंने बीडीओ से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र के शीघ्र पुनर्निर्माण की भी मांग की गयी है। ग्रामीणों ने भी इस घटना पर रोष जताते हुए प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। अब देखना है कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कार्रवाई करता है।

## विहिप और बजरंग दल का 11 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 27 मई से लोहरदगा में



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल द्वारा आगामी 27 मई से 6 जून 2025 तक शीला देवी सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा में 11 दिवसीय अभ्यास एवं प्रशिक्षण वर्ग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में झारखंड के 24 जिलों से चयनित करीब 400 युवा भाग लेंगे। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक, बौद्धिक तथा धार्मिक रूप से सशक्त बनाना है। शिविर के दौरान युवाओं को फौजियों की तरह अनुशासन में रहते हुए रस्सा आरोहण, बंकर प्रशिक्षण, निशानेबाजी, दंड प्रहार, योग, ब्रिज चढ़ाई जैसे विविध शारीरिक प्रशिक्षण दिये जायेंगे। साथ ही सनातन धर्म की रक्षा और विचारधारा को सुदृढ़ करने हेतु बौद्धिक सत्रों का भी आयोजन होगा। शिविर पूरी तरह निःशुल्क है, जिसमें प्रतिभागियों के रहने और खाने की संपूर्ण व्यवस्था आयोजकों द्वारा की जाएगी। शिविर की अवधि के दौरान प्रतिभागियों का परिसर से बाहर जाना प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, ज़िला अध्यक्ष रितेश कुमार, ज़िला मंत्री रंजीत कुमार और नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो की संयुक्त बैठक में लिया गया। ज़िला अध्यक्ष रितेश कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर युवाओं को शारीरिक, मानसिक व वैचारिक रूप से मजबूत बनाएगा, ताकि वे सामाजिक और धार्मिक सुरक्षा प्रहरी की भूमिका निभा सकें। शिविर में 15 से 35 वर्ष तक के सभी सनातन युवाओं से भाग लेने की अपील की गयी है।

## 11 कुण्डीय विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। प्रांतीय आर्य वीरदल और गुरुकुल शांति आश्रम के संयुक्त तत्वाधान में युवा चरित्र निर्माण शिविर के चतुर्थ दिवस पर 11 कुण्डीय विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ के ब्रह्म आचार्य गणेश शास्त्री के ब्रह्मत्व में यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शास्त्री ने कहा कि सनातन वैदिक संस्कृति को जीवन शैली में उतरने की जरूरत है। हमारा जीवन मर्यादित होना चाहिए। आहार बिहार को अपना जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम हमारे संस्कृति के स्तंभ है। इस आयोजन में बबलू अम्मा भगवान सेवा संस्थान का विषेश योगदान रहा है। बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए शंकर गुप्ता ने कहा कि आर्य वीरों को मोबाइल से कोई नया चीज सीखने की जरूरत है। आज के युवा मोबाइल में समय बर्बाद कर रहे हैं। इससे बचने की जरूरत है। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि हमें अपने संकल्प को सिद्ध करने के लिए अनुशासित रहना है। अनुशासन ही हमारे जीवन को सशक्त बनाता है। कृपाशंकर सिंह ने कहा कि हमें गुरुकुल में रहकर के गुरुकुली दिनचर्या को अपनाने की जरूरत है। संयम और सदाचार हमारे जीवन का हिस्सा होना चाहिए हमें अपने जीवन में ईमानदारी को विशेष स्थान देने की जरूरत है।

# हत्या के मामले में आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र में दर्ज हत्या के एक मामले में आरोपी कुंदन यादव, पिता बिरेंद्र यादव, निवासी रामानंद डबरा अब भी फरार है। उसके खिलाफ थाना मे कांड संख्या 47/24, धारा 302/201 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में कार्रवाई तेज करते हुए बरवाडीह पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सघन प्रयास शुरू कर दी हैं। शनिवार को पुलिस की टीम ने कुंदन यादव के आवास पर इश्तिहार (प्रोक्लेमेशन नोटिस) चिपकाया, जिसमें उसे न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश



दिया गया है। इश्तिहार में स्पष्ट चेतावनी दी गयी है कि यदि आरोपी निर्धारित समय सीमा के अंदर न्यायलय में उपस्थित नहीं होता है, तो उसके खिलाफ फरार घोषित कर कुर्की जब्ती की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इस संबंध में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है और जल्द ही उसे कानून के शिकंजे में लाया जायेगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में संदेश गया है कि गंभीर अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार की त्वरित कार्रवाई से कानून व्यवस्था में लोगों का विश्वास बढ़ता है और अपराधियों के मन में भय पैदा होता है। वहीं मोके पर एसआई राजन अधिकारी और पुलिस बल शामिल रहे।

## जिला विकास समन्वय समिति की बैठक में अधिकारियों को मिला निर्देश



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गयी। विशेषकर मनरेगा में मानव दिवस सृजन की उपलब्धि सौ प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास में विभिन्न चरणों में किश्त की हस्तांतरित राशि की समीक्षा की गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी कैरो, भण्डरा, सेन्हा और पेशरार को एग्रीकल्चर-एलाइड स्कीम लेने का निर्देश दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना पूर्ण कूपों की समीक्षा की गयी। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में कुडू प्रखंड को योजनाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया। आवास प्लस सर्वे में प्राप्त आवेदन की समीक्षा की गयी। आइटीडीए अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा की गयी और विद्यालयों में उपलब्ध कराये गये सुविधाओं के लिए विशेष निर्देश दिया गया। नीति आयोग अंतर्गत प्राप्त अवार्ड मनी से ली जा सकने वाली योजनाओं पर चर्चा की गयी और जिला योजना पदाधिकारी को निर्देश दिये गये। दीदी कैफे के निर्माण और संचालन की प्रगति पर चर्चा की गयी। डेयरी प्लांट कुडू में विद्युत कनेक्शन प्रारंभ कराये जाने का निर्देश दिया गया। ब्रिकेटिंग प्लांट, डेयरी प्लांट, मिलेट प्रोडक्शन यूनिट, सरसों तेल उत्पादन यूनिट, दोना पत्तल यूनिट, बांस उद्योग का संचालन जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह को हस्तांतरित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। बायपास रोड के लिए अधिग्रहित भूमि के रैयतों को जल्द भुगतान करने और लंबित रिकॉर्ड को जल्द सरकार को भेजे जाने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया।

## एक देश,एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी में शामिल होने के लिए भाजपा सोनारी मंडल ने निकाली विशाल पदयात्रा

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। एक देश, एक चुनाव की अवधारणा को आम जनता तक पहुंचाने और इस विषय पर जनचेतना जागृत करने के उद्देश्य से बिष्टुपुर तुलसी भवन में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शनिवार को संगोष्ठी का नेतृत्व सांसद विद्युत वरण महतो ने की।कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सोनारी राममंदिर अटल चौक से एरोड्रम चौक तक भव्य पदयात्रा निकाली गयी। पदयात्रा में शामिल भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद जैसे जोशीले नारों के साथ पूरे मार्ग को गुंजायमान बना दिया। पदयात्रा के उपरांत सैकड़ो कार्यकताओं ने तुलसी भवन पहुँच कर संगोष्ठी में भाग लिया।संगोष्ठी में वक्ताओं ने ₹वन नेशन, वन इलेक्शन₹ की आवश्यकता, इससे होने वाले संसाधन बचत, प्रशासनिक दक्षता तथा लोकतांत्रिक मजबूती जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य इस विचार को जनांदोलन का रूप देना और लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना था।पदयात्रा में सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, जिला मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह, जिला आईटी सेल प्रभारी उज्ज्वल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह यादव, रीता सिंह, शंकर सिंह, सत्यनारायण सिंह यादव, राहुल भट्टाचार्य, लालू सिंह, नेहा साहू, कविता मुंडा, कृष्णा यादव, मनोज मिश्रा, बिराज दै, अभिषेक डे, विकास साहू, नारायण प्रसाद, अभिषेक सिंह, आदित्य दुबे, सुरेश प्रसाद साहू, सीमा रजक, जया साहू, सुनील सिंह, उदय ठाकुर, प्रिंस यादव, गौरव नेगी, लक्ष्मी साहू, शंकर राय, भरत सिंह, राजू मल्होत्रा, दीपक सिंह, बाबूलाल गुप्ता, गणेश, देवाशीष चंद्र, काजल मुखर्जी, अमर दास, तापस नंदी, रानी पोद्दार, हेमलता महतो, चुन्नी दै सहित सैकड़ों समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डूबने से दो भाई-बहनों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** कोवाली थाना क्षेत्र के हरिणा पंचायत अंतर्गत फूलझरी गांव के छोटा तालाब (डोभा) में डूबकर दो मासूम बच्चों की मौत हो गयी। घटना शनिवार दोपहर की है। जानकारी अनुसार संजीत सरदार की बेटी रस्मिता सरदार (3 वर्ष) और भाई राजेश सरदार का पुत्र आशीष सरदार (डेढ़ वर्ष) है। दोनों भाई-बहन खेलने के दौरान बतख देखने घर से थोड़ी दूर डोभा (गढ़िया) की ओर गए। इस वक्त बच्चों की मां घर में खाना बना रही थी। इधर थोड़ी देर बाद डोभा से गुजरते वक्त ग्रामीण ने देखा कि दोनों बच्चे पानी में उफल रहे हैं। उसने तत्काल इसकी सूचना गांव में दिया। सूचना पाकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बच्चों की पहचान रस्मिता और आशीष के रूप में हुई। बच्चों के माता-पिता भी घटनास्थल पहुंचे और बच्चों को पानी से उठाकर घर लाए। घर में बच्चों की स्थिति गंभीर देखते हुए तुरंत हाता स्थित तारा सेवा सदन नर्सिंग लाया गया। यहां चिकित्सिय जांच में दोनों मासूम बच्चों की मौत की पुष्टि हुई। घटना से दोनों बच्चों के माता-पिता का रो- रो कर बुरा हाल है ।

## लोहरदगा में मोबाइल मेडिकल यूनिट को उपायुक्त ने दिखायी हरी झंडी



लोहरदगा(आजाद सिपाही )। एस.बी.आई. फाउंडेशन और परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट को शुक्रवार को लोहरदगा के उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्णा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यूनिट जिले के सेन्हा प्रखंड के 20 सुदूर वनांचल गांवों में जाकर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित ग्रामीण परिवारों को घर के पास इलाज की सुविधा देना है। साथ ही, ग्रामीणों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना भी इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह सिखावत, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शंभूनाथ चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम में जिला समन्वयक विवेक मिश्रा, फार्मासिस्ट गौरव कुमार, लैब टेक्नीशियन शुभम निधि एक्का, स्टाफ नर्स विलासी कुमारी, डॉक्टर राजीव रंजन और पायलट सूरज महतो शामिल हैं। यह यूनिट सुदूर क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार, दवाओं का वितरण तथा आवश्यकतानुसार लैब टेस्ट जैसी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान करेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया।

# संविधान की रक्षा करना हर भारतीय नागरिक का कर्तव्य है: धीरज प्रसाद साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के राजू के निदेर्शानुसार एवं लातेहार जिला तत्वावधान में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड कांग्रेस के कद्दावर नेता सह लातेहार जिला प्रभारी धीरज प्रसाद साहू और विशिष्ट अतिथि के रूप में मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह उपस्थित हुए। रैली में हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। लातेहार जिला की संविधान बचाओ रैली बाजार ताड़ से प्रारंभ हुई और समाहरणालय में आ कर इसका समापन हुआ। रैली में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर अमर रहे के नारे से पूरा शहर गूंज उठा । कार्यक्रम में उपस्थित लातेहार प्रभारी पूर्व सांसद धीरज प्रसाद



साहू ने अपने संबोधन में कहा कि यह देश बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के बनाये संविधान के अनुसार चल रहा है, जिसमें सभी जाति धर्म के लोग एकसाथ मिलजुल कर रहते है ऐसे पवित्र संविधान को बदलना देश की भोली भाली जनता के साथ छल माना जायेगा, जिसका जवाब हम सभी मिलकर जरूर देंगे। साहू ने कहा कि संविधान की रक्षा करना हर भारतीय नागरिक का कर्तव्य है। यह संघर्ष उस सोच के लिए है जो भारत को न्याय स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व का देश बनती है। यह रैली एक झांकी है अगर केंद्र की सरकार इसके बाद भी संविधान के साथ किसी भी प्रकार का परिवर्तन लाती है तो हम सभी भारी आंदोलन के लिए भी तैयार हैं। मौके पर उपस्थित मनिका विधायक ने कहा कि अगर हमारी आवाज केंद्र सरकार के कानों तक जा रही है तो वह इस बात को अच्छी तरह समझ ले कि संविधान में किसी भी प्रकार का बदलाव करना देश हित में अच्छा नहीं होगा। इसलिए भविष्य में यह आंदोलन और भी विकराल रूप लेगा। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लातेहार कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुंजर उरांव, प्रदेश प्रतिनिधि कामेश्वर प्रसाद यादव, इस्तखार अहमद, रविंद्र राम,पंकज तिवारी, नसीम अंसारी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम,महिला जिला अध्यक्ष अनीता देवी, युवा जिला अध्यक्ष अमित कुमार बरुआ, लोहरदगा जिला कांग्रेस नेता हातिम अंसारी, निश्चय वर्मा और लातेहार जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी गण एवं सभी प्रखंड अध्यक्ष के साथ हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

## गड्ढा में गिरने से युवक घायल

भंडरा (आजाद सिपाही)। आकाशी मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के आकाशी धना टोली मोड़ के समीप बीती रात सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया, जिसे स्थानीय ग्रामीण और भंडरा थाना पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत रूद्ध गांव निवासी कृष्णा राम के पुत्र रोहित कुमार (36 वर्ष) अपने मोटर साइकिल से शुक्रवार की देर शाम आकाशी के रास्ते रूद्ध गांव जा रहा था। इसी दौरान धना टोली मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पांच फीट खाई में जा गिरी, जिसे स्थानीय ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह बेसुध अवस्था में पड़ा हुआ देखा गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने भंडरा थाना पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया।

## चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक आज

लोहरदगा(आजाद सिपाही )। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक 25 मई, रविवार को सुबह 10 बजे यदुवीर चंद्रवंशी धर्मशाला, लोहरदगा में आयोजित की जायेगी। बैठक में महासभा की कमेटी विस्तार पर विशेष चर्चा की जायेगी एवं समाज के उत्थान के लिए आगे की कार्य योजनाओं पर मंथन होगा। बैठक में नयी कमेटी के गठन के साथ पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जायेगी। संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच संतुलन बनाने और समाज की समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति तैयार की जायेगी। महासभा के जिला अध्यक्षि राजेंद्र वर्मा ने सभी चंद्रवंशी भाइयों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। महासभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सागर वर्मा ने बताया कि चंद्रवंशी समाज पहली बार लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव कराकर संगठन विस्तार कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का समाज से जुड़ाव बढ़ा है और उन्हें कमेटी में उचित प्रतिनिधित्व दिया जायेगा।

# मनातू में जांच में उजागर हुई कई योजनाओं में लापरवाही, डोभा निर्माण में भारी गड़बड़ी

## मनरेगा में भ्रष्टाचार चरम पर, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई तय : लोकपाल

- कहा- प्रखंड के मनरेगा कर्मी जांच में नहीं करते सहयोग
- जहां-जहां गड़बड़ी हुई है, वहां से की जाएगी वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू/पलामू।** जिले के मनातू प्रखंड में गरीबों को रोजगार देने वाली मनरेगा योजना भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। मजदूरों को सीधे तौर पर आर्थिक सहायता पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने सात सितंबर 2005 से महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की शुरूआत की थी, लेकिन भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारी अपनी ही जेब भरने में व्यस्त हो गये हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण पिछले ही महीने (अप्रैल) में मनातू प्रखंड के नौडीहा पंचायत में देखने को मिली। जहां जांच के दौरान भारी अनियमिता पायी गयी। लगातार मिल रही शिकायतों के बीच



मनरेगा के तहत चल रहे योजनाओं की जांच करते लोकपाल शंकर कुमार।

शनिवार को मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार ने मनातू प्रखंड अंतर्गत चक पंचायत में योजनाओं की जांच की, तो कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। लोकपाल ने बताया कि जांच में किसी भी योजना में योजना बोर्ड तक नहीं पाया गया। जबकि डोभा निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर लापरवाही बरती गई है। चार डोभा निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया, जिनमें सभी लगभग 80 फीट लंबे और 80 फीट चौड़े हैं। सभी में गड़बड़ी पायी गयी है। लोकपाल ने बताया कि मुनारीक यादव का डोभा निर्माण कार्य वन भूमि में होने की आशंका है, जिसकी पुष्टि जांच के बाद की जाएगी। यदि यह सही पाया गया, तो संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ योजनाओं में कम कार्य कर अधिक निकासी की गई है, तो कुछ में कार्य अधिक और निकासी कम है, जो संदेह पैदा करता है। इस बाबत मनरेगा जेई नीरज कुमार पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि आखिर किस परिस्थिति में एमबी बुक किया गया, इसपर शोकॉज किया जाएगा। जांच के दौरान एक अन्य मामला रुस्तम खान के डोभा निर्माण में सामने आया, जो अनुपयोगी स्थल पर किया गया है। निर्धारित गहराई के स्थान पर मिट्टी भर दी गई है, जिससे हल्की बारिश में ही मिट्टी बह गई और डोभा निष्प्रयोज्य हो गया है। चिंताजनक बात यह है कि जांच के समय किसी भी कार्यस्थल पर मजदूर नहीं मिले। जिससे संदेह गहरा होता जा रहा है कि कागजों पर ही योजनाओं को पूरा दिखा दिया गया है। लोकपाल ने कहा कि किसी अन्य योजना पर जांच करने जाना था, लेकिन कोई और योजना दिखाया गया। हालांकि उसमें भी त्रुटि पाई गई। मनातू प्रखंड के मनरेगा कर्मी जांच में कोई सहयोग नहीं कर रहे हैं। वे जानबूझकर जानकारी देने से बच रहे हैं, ताकि उनकी कमियां उजागर ना हो सकें। जांच के समय मनरेगा एई विकास कुमार, जेई नवीन कुमार नीरज, रोजगार सेवक रामजी राम और बीएफटी रंजीत कुमार मौजूद थे। दूसरी ओर, चक पंचायत के ग्रामीणों ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि जेई नवीन कुमार नीरज एक अन्य व्यक्ति को लेकर अक्सर क्षेत्र में भ्रमण करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वह व्यक्ति योजनाओं के लाभुकों से सीधा संपर्क कर अवैध वसूली करता है। इस पर लोकपाल ने स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। जहां भी गड़बड़ी हुई है, वहां से वसूली भी की जाएगी।

# करोड़ों रुपये की लागत से बनी पेयजल योजना विफल, शहरवासियों को नहीं मिल रहा पानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड परिसर में स्वच्छता विभाग की ओर से 11.47 करोड़ों रुपये की लागत से बनी पेयजल योजना पूरी तरह से विफल साबित हुई है। इस योजना का उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छ और पर्याप्त जल उपलब्ध कराना था। योजना के तहत शहर में नल कनेक्शन तो लगा दिए गए, लेकिन उसमें से आज तक एक बूंद पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। इस परियोजना के तहत आधुनिक जल आपूर्ति प्रणाली स्थापित की गई थी। जिसमें टंकी बनाकर जल स्त्रोतों से पानी को पाइपलाइन के माध्यम से घरों तक पहुंचाना था।



परियोजना के शुभारंभ में स्थानीय प्रशासन ने इसके सफल क्रियान्वयन का वादा किया था। दावा भी किया था कि शहरवासियों की जल समस्या को स्थायी रूप से हल किया जाएगा। लेकिन समय गुजरने के साथ नल जल प्रणाली में तकनीकी और प्रबंधन संबंधी समस्याएं सामने आने लगी। पाइपलाइन लीक होने की समस्या, पानी की उपलब्धता में कमी और सही तरीके से प्रणाली के रख-रखाव की कमी के कारण परियोजना पूरी तरह विफल हो गई। जिससे स्थानीय लोग नाराज हैं। उन्हें पारंपरिक स्त्रोतों पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है।

# विष्णु मंदिर के दूसरे वार्षिकोत्सव पर निकली कलश यात्रा

विश्रामपुर के तोलरा गांव में विष्णु मंदिर के दूसरे वार्षिकोत्सव समारोह को लेकर शनिवार को कलशयात्रा निकाली गयी। जिसकी शुरूआत मंदिर प्रांगण से हुई, जो विभिन्न रास्तों से होते हुए कोयल एवं तहले नदी के संगम तट पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। इसके बाद वापस मंदिर प्रांगण पहुंचे और धार्मिक अनुष्ठान के साथ कलश को स्थापित किया। इसमें बतौर मुख्य यजमान सेवानिवृत पुलिसकर्मी गोखूल तिवारी सपत्नीक अनुष्ठान को संपन्न कराया। विष्णु मंदिर संचालन कमेटी के अध्यक्ष



सच्चिदानंद तिवारी, सचिव गोखूल तिवारी और संरक्षक बीरेंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि दूसरा वार्षिकोत्सव समारोह के रूप में मनाया जा रहा है। रात में स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्ती जागरण प्रस्तुत किया जायेगा। इस दौरान महिलाओं को सम्मानित भी किया जायेगा। जबकि रविवार को पूरे दिन धार्मिक अनुष्ठान और शाम को महाभंडारा का आयोजन होगा। इसके अलावा रविवार की रात को सुंदरकांड का पाठ भी होगा। इस दौरान कलश यात्रा में पूर्व मुखिया श्यामा देवी, सुमंत तिवारी, संजय तिवारी, धनंजय तिवारी, अरुण त्रिवेदी, दीपक तिवारी, कुश तिवारी, धर्मराज तिवारी, दीपू तिवारी, श्रीराम तिवारी, बिकू तिवारी आदि मौजूद थे।

# वरिष्ठ पत्रकार की पत्नी का निधन, शोक

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के चर्चित अखबार के संस्थापक एवं पत्रकारिता जगत के भीष्म स्व सुरेंद्र सिंह रूबी (एसएस रूबी) के बड़े पुत्र एवं प्रबंध संपादक जसप्रीत सिंह उर्फ गुड्डू की पत्नी नीतू सिंह गुड़िया (46) का शनिवार की सुबह एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। जानकारी के अनुसार वह पिछले एक सप्ताह से बीमार थीं। उनका इलाज चल रहा था, लेकिन सभी प्रयासों के बावजूद डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। शाम चार बजे नीतू सिंह की अंतिम यात्रा मेदिनीनगर के नावाटोली स्थित घर से निकली। इसमें सिख समाज के लोगों के अलावा अन्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। बेलवाटिका-कांदू मुहल्ला स्थित कोयल नदी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। पति जसप्रीत सिंह ने मुखाग्नि दी। नीतू अपने पीछे एक पुत्र, पति सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। बतातें चलें कि नीतू सिंह



गृहणी होने के साथ ही शैक्षणिक कार्यों से भी जुड़ी रही थीं। स्वतंत्र लेखन भी करती थी। उनके निधन से पूरे पत्रकारिता जगत में शोक है। उसकी सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग जसप्रीत सिंह के आवास पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया। इसी तरह शोकसंतप्त परिवार के प्रति विभिन्न सामाजिक, पत्रकारिता एवं राजनीतिक संगठनों, पदाधिकारियों ने अन्य माध्यमों से भी संवेदना प्रकट की है।

# डीसी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक, एसडीजी के संकेतकों पर की गयी चर्चा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डीसी शशि रंजन ने शनिवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में जिले के सतत विकास लक्ष्य को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें एसडीजी के संकेतकों पर चर्चा की गई। डीसी ने शिक्षा विभाग से जुड़े संकेतकों पर चर्चा करते हुए शिक्षा का अधिकार कानून के तहत निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रवेश कक्षाओं में बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने को लेकर प्रधानाध्यापकों की बैठक बुलाने का निर्देश दिया। वहीं, समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत





आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के नामांकन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि का डेटा संग्रह का निर्देश दिया। जबकि, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के इंडिकेटरों पर चर्चा की। डीसी ने विभिन्न विभागों द्वारा संग्रह डाटा का सही से मिलान करने एवं वास्तविक डेटा की प्रविष्टि करते हुए प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वाहन जांच अभियान में पकड़े गये कई दोपहिया चालक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी के नेतृत्व में शनिवार को विभिन्न चौक-चौराहों पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पटेल चौक के समीप मुख्य पथ पर चलाये गये जांच अभियान के दौरान कई दोपहिया चालकों को बिना हेलमेट के पकड़ा गया। जिसके



वाहन जब्त कर चालान के लिए परिवहन विभाग को भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर पुलिस गश्त लगा रही है। ताकि क्षेत्र में किसी तरह के अपराध को नियंत्रित किया जा सके।

# खराब स्ट्रीट लाइट ठीक कराने पर चैनपुर बाजार के लोगों ने भाजपा नेत्री का जताया आभार

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत महावीर मंदिर के निकट स्ट्रीट लाइट विगत कई दिनों से बंद था। चैनपुर बाजार की जनता ने निगम से बार-



बार उसे ठीक कराने का आग्रह किया पर निगम की ओर से कोई संज्ञान नहीं लिया गया। थक हार कर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय के माध्यम से भाजपा की वरिष्ठ नेत्री स्मिता को इससे अवगत कराया गया। भाजपा नेत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए अपने निजी खर्चे से कई दिनों से बंद पड़े चैनपुर बाजार की स्ट्रीक लाइट को लगवा दिया। जिससे बाजार के व्यवसायियों और राहगीरों को अंधेरा से मुक्ति मिल गयी। सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने कहा कि भाजपा नेत्री बहुत ही सरल स्वभाव की हैं। पलामू लोकसभा केंद्र की जनता की समस्याओं के प्रति निरंतर सक्रिय रहकर उनके दुख सुख में साथ रहते हुए कार्य कर रही हैं। वहीं, मनोज दास ने कहा कि भाजपा नेत्री द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है। हम सभी चैनपुर बाजार की जनता उनके इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हैं। इस मौके पर किसान मोर्चा के अध्यक्ष मनोज दास, विजय शर्मा, बुलबुल तिवारी, अनुज कुमार, पंकज तिवारी, विनोद कमलापुरी, संजीत कुमार, संतोष प्रसाद, रवि कुमार लाल, मुन्नी पासी, उत्तम कुमार, रवि कुमार, पप्पू कुमार और अंकित कुमार आदि मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त एसआइ के घर चोरी, एक लाख की संपत्ति ले भागे चोर

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव में शुक्रवार की रात सेवानिवृत एसआई चंद्रदेव तिवारी के घर चोरी हो गयी। चोर नकद और आभूषण सहित एक लाख रुपए की संपत्ति चोरी कर चंपत हो गये। जानकारी के मुताबिक वारदात की रात चंद्रदेव तिवारी घर के अपने कमरे में सोये थे। जबकि अन्य सदस्य छत पर सो रहे थे। इसी बीच देर रात सेंधमारी कर चोर घर में घुस गये। चोर घर के कमरों से ट्रॉलीबैग एवं बक्सा लेकर चंपत हो गये। शनिवार अहले सुबह जब घर के लोगों की नींद खुली तो घटना की जानकारी



हुई। जांच की तो घर से कुछ दूर ट्रॉलीबैग एवं बक्सा फेंका हुआ मिला। जिसका ताला टूटा था और सभी कीमती सामान गायब थे। चंद्रदेव तिवारी ने बताया कि पांच हजार रुपये नकद और जेवरात सहित एक लाख रुपए की संपत्ति चोरी हुई है। उधर, घटना की सूचना मिलने पर रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरूआ दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। उन्होंने पीड़ित परिवार एवं ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। कहा कि जल्द ही घटना का उद्भेदन करते हुए चोरों को पकड़ लिया जायेगा।

**एक माह के भीतर पांच घरों में चोरी :** बतातें चलें कि तोलरा गांव में सिर्फ एक महीने के भीतर पांच घरों में चोरी हो चुकी है। हालांकि उननें से एक भी घटना का ना तो उद्भेदन हुआ है ना ही कोई आरोपी पकड़ा गया है। विगत चार मई को एक ही रात में चार घरों में चोरी हुई थी। उस रात सेवानिवृत डीएसपी रघुवीर तिवारी, रेलवे के यातायात निरीक्षक अनिल तिवारी, ओमकार तिवारी और अमरेश तिवारी के घर चोरी की घटना को चुकी है। पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिये खोजी कुत्तों का भी सहारा लिया था, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है। जिससे ग्रामीणों में भय और पुलिस के प्रति आक्रोश है।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मिशन समृद्धि तत्पर

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मिशन समृद्धि संस्था के तहत चल रहे समृद्धि की पाठशाला के बच्चों को नैतिकता के साथ ही उनका सर्वांगीण विकास कैसे हो इस पर भी प्रयास जारी है। मेदिनीनगर के पांकी रोड जनकपुरी और कचरवा में पाठशाला निरंतर चल रहा है। बच्चे जिन्हें पढ़ाई के प्रति जरा भी लगाव नहीं था आज उन्हें पढाई करना अच्छा लगने लगा है। हकीकत यह है कि इस वर्ग के बीच शिक्षा की लौ जलाना एक चुनौती रहा है। जिसे मिशन समृद्धि संस्था स्वीकार करते हुए आगे बढ़ती रही है। बच्चों में सांस्कृतिक, चित्रकला और खेलकूद सभी के प्रति रुझान हो इसके प्रति संस्था हमेशा सजग रहती है। कचरवा जाकर पाठशाला चलाना कोई आसान काम नहीं, लेकिन यह संस्था कठिनाइयों के बावजूद वहां जाना जारी रखा है। संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि आज के बच्चे जिनकी नींव में हमें शिक्षा



का बीज बोना है जो आगे चलकर उन्हें राह दिखायेगा। इन सारे कार्यों में शहर के एक मसीहा ने अपना बड़ा योगदान दिया है जिसके बल पर हम बच्चों की गतिविधियों को सुचारू रूप से चला पा रहें हैं। आठ वर्षों से संसाधनहीन होकर भी सभी कार्य करती रही, इसी के परिणाम स्वरूप हम सबको मसीहा का सहयोग प्राप्त हुआ। पाठशाला में अहिल्या गिरि, बैजंती गुप्ता, रंजीता, वीणा राज, शालिनी श्रीवास्तव, संध्या शेखर, ऋषि, नैसी गुप्ता और ममता आदि का सराहनीय योगदान रहता है।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया मेदिनीनगर केंद्रीय कारा का निरीक्षण

## महिला बंदियों से भी मिले, जेल प्रशासन को दिए आवश्यक निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष दिवाकर पांडेय ने शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव सौरभ कुमार गौतम के साथ केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कारा बंदियों से मुलाकात की और उनकी परेशानियों को जाना। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय ने कहा कि कोई भी बंदी अधिवक्ता के बिना नहीं रहे। डालसा की ओर से इसके लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है। कहा कि सजायाफ्ता बंदी अपील अवश्य दाखिल करे। जो अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं है वे लिगल एंड



डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता के माध्यम से काम करा सकते हैं। उन्होंने एलएडीसी के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि जिन बंदियों की अपील उच्च न्यायालय में दाखिल नहीं है उनका डेटा एकत्र कर जल्द से जल्द अपील फाइल करें। विदित हो कि केंद्रीय कारा में उन्होंने महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया। वार्ड में रह रही महिला बंदियों से भी जानकारी ली। बताया गया कि सभी लोगों द्वारा जमानत आवेदन दाखिल है। साथ ही अपील फाइल की गयी है। कुछ लोगों का सरकारी अधिवक्ता के माध्यम से, जबकि कुछ लोगों ने निजी अधिवक्ता के माध्यम से अपील एवं जमानत अर्जी दाखिल करने की जानकारी दी। इसके बाद न्यायाधीश ने उन्होंने पाकशाला और वार्डों का निरीक्षण किया। कहा कि जिन बंदियों की अपील फाइल नहीं की गयी है वह अपने डेटा के साथ आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार में दें। कहा कि डालसा के माध्यम से लोगों को मुक्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके तहत लोगों को जमानत, अपील, रिवीजन आदि का कार्य किया जा रहा है। लोगों में इसके प्रति जागरूकता होना जरूरी है। कहा कि बंदियों को अपने केस की जानकारी रखनी चाहिए। उनके केस में क्या हो रहा है इसकी भी जानकारी रखने की जरूरत है। कहा कि जेल में प्रतिदिन लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता आते हैं उनसे भी अपने केस की स्थिति के बारे में पता कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने काराधीक्षक को महिला वार्ड एवं पाकशाला को सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कारा अधीक्षक भागीरथ करजी, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट उत्तम कुमार, आशीष रंजन, एलएडीसी के असिस्टेंट अमित विश्वकर्मा, पीएलबी नीरज सिंह, आलोक करकेंटा आदि उपस्थित थे।

# वेदांता इएसएल तीरंदाजी अकादमी ने युवा तीरंदाजों और सभी कोच को किया सम्मानित

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** वेदांता ईएसएल की ओर से चलाई जा रही ईएसएल तीरंदाजी अकादमी ने सियालजोरी में एक खास सम्मान समारोह आयोजित कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा तीरंदाजों और उनके सभी कोच को सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन खिलाड़ियों को सम्मान मिला जिन्होंने बीते सभी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। अकादमी की शुरूआत 2020 में हुई थी और तब से अब तक इसके खिलाड़ियों ने 190 से ज्यादा पदक जीते हैं। हाल ही में हुई 15वीं झारखंड राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप में भी अकादमी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं, सम्मान पाने वालों में चितरंजन टुडू (एक स्वर्ण), बानी कुमारी और तन्नू कुमारी (2-2 स्वर्ण), सत्यमी कुमारी और सुहाना परवीन जैसे नाम शामिल हैं। वहीं कृतिका कुमारी को लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए एक विशेष रिकर्व धनुष दिया गया। इस कार्यक्रम में अकादमी के सभी कोच बुदेश्वर मुर्मू (मुख्य कोच), संजू कुमारी (सहायक कोच) और एसपी घोष (शारीरिक कोच) को भी उनके सहयोग और मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

# निर्माणाधीन अपार्टमेंट के बेसमेंट से शव बरामद, हत्या की आशंका

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के एक निर्माणाधीन अपार्टमेंट के बेसमेंट से शुक्रवार देर रात इंद्रदेव प्रसाद सिंह नामक एक वृद्ध का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। मृतक बीसीसीएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे और शुक्रवार की शाम एक गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटे तो परिवार ने उनकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान उनका शव अपार्टमेंट के बेसमेंट में लिफ्ट के पास पड़ा मिला। इसकी जानकारी मिलते ही धनबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से प्रथम दृष्टया कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला है, लेकिन मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। वहीं, परिजनों ने साफ तौर पर इसे सामान्य दुर्घटना मानने से इनकार किया है। उनका कहना है कि इंद्रदेव प्रसाद सिंह का शव जिस अवस्था में मिला है, वह कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 25 मई, 2025
www.azadsipahi.in
10

## मदद की आस लेकर दो पीड़ित परिवार ने असंगठित कामगार कांग्रेस कार्यालय का दरवाजा खटखटाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** असंगठित कामगार कांग्रेस सह जिलाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम, ने कहा कि गुमला जिला के सिसई प्रखंड के ग्राम कोडकेरा निवासी बसंती देवी और लीलू उरांव ने उनके कार्यालय आकर बताया कि 1 साल पूर्व उनके पति संजय गोप की मौत कुआं में डूब जाने के कारण हो गयी थी। वहीं लीलू उरांव ने कहा कि 3 साल पूर्व में उनकी मां भूखली देवी की मृत्यु कुआं में डूब जाने से हो गई थी। यह दोनों पीड़ित परिवार वालों को अभी तक सरकार के द्वारा मिलने वाली मुआवजा राशि जानकारी के आभाव में नहीं मिल सकी है। इन लोगों ने कई बार कार्यालय का चक्कर काट कर हताश और निराश हो चुके हैं। मुआवजा राशि मिलने की आस छोड़ दिए है। मुख्तार आलम ने पीड़ित परिवार वालों को आश्वाशन दिया कि हताश और निराश होने की बिल्कुल जरूरत नहीं है, कोई भी सरकारी पदाधिकारी किसी भी व्यक्ति का हक और अधिकार नहीं छीन सकता है। आपलोगो का मुआवजा राशि लेना आपका यह अधिकार है। मुख्तार आलम ने कहा कि कुछ पदाधिकारी अपने कामों के प्रति लापरवाही दिखाते है, अपनी जिम्मेवारी से भागते रहते हैं, ऐसे पदाधिकारी के पर चिन्हित कर जल्द लगाम लगाया जायेगा। जल्द से जल्द कागजी प्रक्रिया पूरा करवाकर इस परिवार को मुआवजा राशि दिलाने में मदद की जायेगी।

# पूंजीपति पैसा बहायेंगे, हम मजदूर पसीना बहायेंगे : आलोक साहू

**इंटक यूनियन के सदस्यों ने हक के लिए गुरदारी हिंडालको कार्यालय का किया घेराव**

**बैठक में 101 मजदूरों ने इंटक यूनियन की ली सदस्यता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पूंजीपति पैसा बहायेंगे और हम मजदूर पसीना बहायेंगे। उक्त बातें बैठक को संबोधित करते हुए इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने गुरदारी में कही। उन्होंने कहा कि अब गुरदारी माइंस में मजदूरों और जमीन मालिकों के साथ शोषण नहीं होगा तथा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा, क्योंकि यहां इंटक यूनियन का गठन हो गया है। पूरे देश में इंटक ही एकमात्र मजदूर संगठन है, जो मजदूरों का सच्चा हितैषी है और उसके हक के लिए लड़ाई लड़ती है। जिस क्षेत्र से प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये का बॉक्साइट का खनन होता है वह क्षेत्र आज भी विकास से कोसों दूर है। मजदूर और ग्रामीणों की स्थिति काफी दयनीय है। बताते चलें कि इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरदारी माइंस के पंचायत भवन में यूनियन के अध्यक्ष आलोक कुमार साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में मजदूरों ने बताया कि यहां दर्जनों जमीन मालिक है जिसकी जमीन से बॉक्साइट का उत्खनन करने के बाद उसका जमीन का समतलीकरण नहीं किया गया। यहां कई जमीन मालिकों का ट्रक है, उसे नंबर नहीं दिया गया है। जमीन मालिकों से कंपनी एग्रीमेंट करती है, लेकिन कागज उसे नहीं दिया जाता है। जहां से बॉक्साइट का उत्खनन होता है वहां से बस नहीं चलता है। स्थानीय लोगों को रोजगार कंपनी नहीं देती है। कंपनी द्वारा अच्छा अस्पताल नहीं बनाया गया है, अच्छा स्कूल नहीं खोला गया है। जैसे अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निदान करने की मांग श्री साहू से किया।

मौके पर दीपदयाल सारस, अनिल असुर, पीटर बेंग, मुखिया पुष्पा चौराठ, महात्मा उरांव, कुणाल अभिषेक, डॉक्टर रीगन साहू, रोहित बैंक मदन मुंडा वसंत सीटू प्रताप बेंग, निर्मन केरकेट्टा, कुलदीप सारस, विजय टोप्पो, दीपक असुर, विनोद मुंडा, प्रकाश एक्का सहित सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

## दिहाड़ी मजदूरों से मिली झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष, समस्याओं से हुई अवगत



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला शहर के पालकोट रोड स्थित स्टेट बैंक के समीप शनिवार दिन के 11 बजे झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष देवकी देवी दिहाड़ी मजदूरों से मिली। मजदूरों ने बताया कि हम लोग गर्मी बरसात और ठंड के मौसम में सड़क किनारे खड़े रहते हैं। प्रशासन द्वारा एक शेड का निर्माण कर दिया जाता तो धूप और पानी से बचाव होता। एक महिला अपनी छोटी बच्ची को लेकर काम की तलाश में गुमला आयी थी, लेकिन उसे काम नहीं मिला और बैरंग लौट गयी। मौके पर देवकी देवी ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी रेट तय है लेकिन उस रेट में मजदूरों को काम नहीं मिलता है। काम करने के बाद समय पर पैसा भी नहीं दिया जाता है। कई मजदूरों का ठेकेदारों के पास बकाया है। वहीं देवकी देवी ने दिहाड़ी मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी सुनिश्चित करने की प्रशासन से मांग की है। साथ ही जब तक शेड के लिए स्थल का चयन नहीं किया जाता, तब तक सड़क किनारे एक जगह दिला देने से मजदूरों को गर्मी और बरसात में राहत मिलेगी। देवकी देवी ने मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए उनके साथ खड़े रहने की बात कहीं।

## बीडीओ की अध्यक्षता में पंचायत सचिवों की बैठक संपन्न



घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को पंचायत सचिवों की बैठक उनके कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में आवास योजना जैसे अबू आवास, जनमन आवास योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा की गयी। इस दौरान बीडियो दिनेश कुमार ने पंचायत सचिवों को निर्देश देते हुए कहा है कि आवास योजना में तेजी लाए। जो लाभुक प्रथम द्वितीय व तृतीय किस्त प्राप्त करने के बावजूद भी कार्य प्रगति पर नहीं है तो ऐसे लाभुकों से संपर्क करें और निमार्णाधीन आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि बाकी बचे लाभुकों को भी आवास योजना का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने समय पर जियो टैग करने का निर्देश भी कर्मियों को दिया है ताकि आवाज का पैसा लाभुकों के खाते में समय से जा सके और आवास को पूरा किया जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडियो दिनेश कुमार, शंकर खेरवार, अशोक कुमार, आलोक सेन, किशोर तिर्की, कलेश्वर साहू, आशिक मीर व दिनेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में शनिवार को प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय द्वारा हाल ही में संपन्न हुई बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले वर्तमान सत्र के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने न केवल मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया बल्कि उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंहा तथा पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव अनमोल गुप्ता, संरक्षक संजीव मलानी, संयोजक अरविंद कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में अखिलेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे पूर्व छात्र उन नौनिहालों को सम्मानित कर रहे हैं जिन्होंने अपनी मेहनत से एक नया अध्याय लिखा है। हमें विश्वास है कि आप हमारी विरासत को आगे बढ़ाते हुए नये कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष राजेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने विद्यालय के विद्यार्थियों की उपलब्धियां पर गर्व है। हमने भी यहां शिक्षा ग्रहण की है और आज हमें यह देखकर खुशी हो रही है की नई पीढ़ी भी लगन और मेहनत से आगे बढ़ रही है। पूर्व छात्र परिषद के सचिव आलोक कुमार ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आपकी मेहनत, लगन संकल्प का परिणाम आज हम सबके सामने है। हमें उम्मीद है कि आप अपनी शिक्षा से समाज में सकारात्मक बदलाव लायेंगे।

## समर कैंप में बच्चों की रचनात्मकता और शिक्षा का अनोखा संगम

**जिला प्रशासन की गिफ्ट ऑफ एजुकेशन पहल के तहत आयोजित समर कैंप में 250 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** जिला प्रशासन की 'गिफ्ट ऑफ एजुकेशन' पहल के तहत आयोजित दो दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने जमकर मस्ती की और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। भठौली विद्यालय में आयोजित इस कैंप में 250 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया और विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों में अपनी समझ बढ़ाई। संगीत, नाटक, कला, कहानी और हैंडक्राफ्ट जैसी गतिविधियों ने बच्चों की रचनात्मकता को निखारा। विभिन्न खेलों और शारीरिक गतिविधियों ने बच्चों की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया। संकुल के 5 विद्यालयों से आए 250 बच्चों ने कैंप में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 10 शिक्षकों और बीपीओ ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। अभिभावकों ने भी कैंप में हिस्सा लिया और अपने बच्चों के साथ समय बिताया। समर कैंप का आयोजन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की सहायता से किया गया। इस संस्था ने कैंप के आयोजन में जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण सहायता की। मौके पर मुख्य रूप से बीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, एनी बाकेन एक्का, मो नसीम अंसारी, गदुरा मुंडा, विजय कुजूर, सतीश भगत, निर्मला कुमारी, सरोज, विजिनिया केर-केट्टा, विनय बड़ा, सुरेश सहित कई शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## छह दिवसीय समर कैंप का समापन



घाघरा। विद्यालय सालिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा में चल रहे छह दिवसीय समर कैंप का समापन शनिवार को किया गया। इस दौरान बच्चों ने योग, वृक्षारोपण, साफ सफाई, सेल्फ डिफेंस के लिए टिप्स, पेंटिंग तथा साफ सफाई, 3डी एनीमेशन तथा कोडिंग के सब्जेक्ट्स के ऊपर ट्रेनिंग, कुकिंग के कार्यक्रम में भी भाग लिया। जिसमें बच्चों तथा शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न व्यंजन बनाए गए। साथ ही कई चीजें सिखाई गयी। निदेशक चंद्रकांत पाठक ने कहा कि विद्यालय में आयोजित समर कैंप में बच्चों ने भाग लेकर आत्म संयम, सकारात्मक सोच, तकनीकी ज्ञान सहित जीवन मूल्यों को भी आत्मसात करने का प्रयास किया आने वाले समय में निश्चित तौर पर बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से अंकिताश्री, चंद्रकांत पाठक, विवेक पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

## जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें कार्यकर्ता : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शनिवार को धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार के द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा उसका लाभ दिलाने की बात कही। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पहलगाम में 26 निर्दोष सैलानियों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी, जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर भारत की सबसे शक्तिशाली और महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाईयों में से एक है। इस क्रम में वे लोगों की समस्या से अवगत हुए। कुछ लोगों की समस्या का मौके पर ही निदान कर दिया और कुछ को जल्द ही निदान करने का भरोसा दिया। इसके बाद मनसाडीह, भीगोंडीह आदि जगहों पर शादी समारोह में शामिल हुए और वर-वधु को आशीर्वाद दिया। मौके पर धनवार मंडल अध्यक्ष अमीत कुमार, श्याम सिंह, पवन सिंह, अरुण पासवान, कन्हैया कुमार राय, मृत्युंजय कुमार, भीम राम, नरेश राम और रामचंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## जनवाल पंचायत में पानी की समस्या गंभीर

**घोरहट्टी गांव में नल जल योजना की धज्जियां उड़ीं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के जनवाल पंचायत के घोरहट्टी गांव में नल जल योजना पूरी तरह से फेल हो गई है। गांव की आबादी लगभग 350 है, लेकिन पानी की समस्या इतनी गंभीर है कि लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। गांव में नल जल योजना के तहत 6 जल मीनार लगाई गयी हैं, लेकिन इनमें से 5 जल मीनार खराब हैं। केवल एक जल मीनार से कुछ बाल्टी पानी मिलता है, जिससे पूरे गांव की प्यास नहीं बुझ सकती। मजबूरन लोगों को कुआं का दूषित पानी पीना पड़ रहा है। गांव की महिलाओं ने कहा कि प्रत्येक दिन सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक पानी को लेकर चिंता बनी रहती है पानी लाने के लिए 1 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। महिलाओं ने बताया कि सुबह से लेकर रात तक सर में ढोकर पानी लाना पड़ता है जिससे परिवार की प्यास बुझती है। गांव में नहाने धोने से लेकर पालतू जानवरों को पानी पिलाने के लिए भी काफी कठिनाई झेलनी पड़ती है। उन्हें गांव से 1 किलोमीटर दूर जाकर पगडंडी नुमा रास्ते से सर पर ढोकर कुआं से पानी लाना पड़ता है। इस प्रचंड गर्मी में भी लोगों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। केंद्र सरकार की नल जल योजना से लोगों के घरों तक नल से पानी पहुंचाने का योजना पूरी तरह विफल नजर आ रहा है। जब इस संबंध में जनवाल पंचायत की मुखिया प्रियंका असुर से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि ठेकेदार और विभागीय कर्मियों की मिलीभगत से पुराने बोरिंग में ही जल मीनार लगा दी गयी। नल जल योजना में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की गयी है। गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के सभी प्रखंडों में खराब हुए जल मीनार को ठीक करने के लिए निर्देश दिया है, लेकिन इसके बावजूद भी घोरहट्टी गांव में पानी की समस्या जस की तस है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## बसिया में जन सुनवाई निवारण कार्यक्रम का आयोजन



बसिया (आजाद सिपाही)। उपायुक्त गुमला के निर्देश पर बसिया प्रखंड सभागार में शनिवार को जन सुनवाई निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 34 मामले आये। जिसमे ऑन स्पॉट निवारण 2 पंजी 2 ऑनलाइन से संबंधित 22 अवैध कब्जा 5 दाखिल खारिज 5 पंजी 2 का नकल 1सड़क दुर्घटना अनुग्रह राशि हेतु 1 आवेदन प्राप्त हुआ। इसके अलावे प्रखंड में 6 आवेदन प्राप्त हुआ है। मौके पर अंचल अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या को त्वरित निष्पादन हेतु प्रत्येक शनिवार को प्रखंड सभागार में जनसुनवाई निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मौके पर बीडीओ सुप्रिया भगत के अलावे अंचल एवम प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।

## दो लोगों पर लगा गाय की चोरी का आरोप

बसिया (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के लौंगा गांव से एक गाय चोरी का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में गाय के मालिक लौंगा निवासी बंदी साहू ने थाना में आवेदन देकर कहा कि वो सुबह सफेद रंग की गाय को मोरेंग लोचन बगीचा के पास तुलसी टिंबर के पत्थर घेरा में घास चर रही थी। बंदी साहू ने आवेदन में आगे कहा कि उसकी बेटी ने बताया कि किंदिरकेला के दो व्यक्ति गाय को दौड़ाकर पकड़े और रस्सी में बांधकर ले गये। इस बात की पुष्टि नहर किनारे धनुधर साहू का कुआं खोद रहे मजदूरों ने भी की। मजदूरों ने बताया कि पूछने पर गाय ले जा रहे लोगों ने बताया कि 8000 रुपये में लौंगा से कुर्बानी के लिए खरीदे हैं। बंदी साहू ने बताया कि शनिवार की सुबह शक के आधार पर शहुद खान से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि हम नहीं ले गये है, बल्कि किंदिरकेला का शारिक खान रोजो खान को जाकर बोलिये, आप लोगों का गाय मिल जायेगा। बंदी साहू ने दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। हालांकि खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी।

## तस्करी के लिए ले जा रहे 150 मवेशी जब्त



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के घनघोर नक्सल प्रभावित रहे जमटी गांव में तस्करी के लिए ले जा रहे लगभग एक सौ पचास मवेशी को पुलिस के द्वारा शुक्रवार की शाम जब्त कर जमटी पीकेट में रखा गया है। वहीं लगभग एक दर्जन तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि पुलिस से पूछे जाने पर इस संबंध में गोल मटोल जवाब दिया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो सुबह से ही मवेशी तस्कर सेटिंग गेटिंग कर मामले को रफा दफा करने का प्रयास कर रहे हैं। शायद यही वजह है कि पुलिस इस विषय पर कुछ भी नहीं बताना चाह रही है। इस संबंध में ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि नक्सली गतिविधि कम होने के बाद कुछ महीनो से लगातार पशु तस्कर बनालात और जमटी क्षेत्र को अपना सेफ जॉन बना लिए हैं। यही वजह है कि गारु, सरजू और कबरी से होते हुए प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में मवेशी को लोहरदगा एवं लातेहार जिला की ओर ले जाया जाता है। फिलहाल ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जो मवेशी को पकड़ा गया है। उसका पेपर मौजूद है इसकी जांच की जा रही है, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## स्पोर्ट्स



शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। गिल टीम इंडिया के 37वें टेस्ट कप्तान होंगे। गिल के सामने अब इंग्लैंड की सरजमीं पर बल्ले से ही नहीं बल्कि कप्तानी से भी कमाल करने की कठिन चुनौती होगी।

### 5 खिलाड़ी बाहर, इन्हें मिली एंट्री, पिछले विदेशी दौरे से इतनी बदल गयी भारतीय टेस्ट टीम

# इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम में अर्शदीप सिंह और साई सुदर्शन को मिला मौका

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान कर दिया गया है। कप्तानी की जिम्मेदारी युवा शुभमन गिल को सौंपी गयी है। वहीं ऋषभ पंत को उपकप्तान बनाया गया है। टीम में युवा और अनुभवी प्लेयर्स को चांस मिला है। अभी टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली थी, जिसमें भारत को 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। अब टीम इंडिया का निजाम बदल चुका है और टीम में अर्शदीप सिंह और साई सुदर्शन जैसे प्लेयर्स की पहली बार चांस मिला है। आइए जानते हैं, पिछले दौरे से टीम इंडिया में कितना बदलाव हुआ है।

**पिछले दौरे से पांच खिलाड़ी हो गये बाहर :** रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके हैं। इसी वजह से ये तीनों प्लेयर्स इंग्लैंड दौरे के लिए नहीं चुने गये हैं। जब सरफराज खान और हर्षित राणा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इसी वजह से उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया है। हर्षित ऑस्ट्रेलिया दौरे पर प्रभावित करने में सफल नहीं हो पाये थे। रोहित, विराट, अश्विन, हर्षित और सरफराज ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया का हिस्सा थे।

**साई सुदर्शन ने आईपीएल में दिखाया दम :** दूसरी तरफ इंग्लैंड दौरे पर आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह को चांस मिला है। आईपीएल 2025 में सुदर्शन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने अभी तक आईपीएल 2025 के 13 मैचों में कुल 638 रन बनाये हैं, जिसमें एक शतक भी शामिल है। दूसरी तरफ अर्शदीप अभी तक मौजूदा सीजन में कुल 16 विकेट हासिल कर चुके हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है।

**करुण नायर की हुई वापसी :** वहीं करुण नायर और शार्दुल ठाकुर को भी घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन का ईनाम मिला है। नायर पिछले कुछ समय से बेहतरीन लय में चल रहे हैं और उनके बल्ले से खूब रन भी निकल रहे हैं। उनकी 8 साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने अभी तक टीम इंडिया के लिए 6 टेस्ट मैचों में कुल 374 रन बनाये हैं, जिसमें उनके बल्ले से एक तिहरा शतक भी निकला है। करुण नायर, शार्दुल, सुदर्शन, अर्शदीप और कुलदीप यादव ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया का हिस्सा नहीं थे, लेकिन अब इन प्लेयर्स को इंग्लैंड दौरे पर शामिल किया गया है।

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम**

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर, उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

# पद से हटाये गये बांध उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहायक अध्यापक

- बोकारो डीसी की अगुवाई में हुई बैठक में अनुशासनात्मक कार्यवाही का दिया गया था निर्देश




आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड प्राधिकार समिति की बैठक हुई। जिसमें बांध उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहायक अध्यापक ओमशंकर रजक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाई करते हुए सहायक अध्यापक पद से पदमुक्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार विगत दिनों बोकारो डीसी की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी समिति, समग्र शिक्षा अभियान की बैठक हुई थी। जिसमें लिए गए निर्णय के आलोक में जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान के पत्रांक 637 की ओर से प्रखंड प्राधिकार समिति की बैठक कर बांध उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहायक अध्यापक ओमशंकर रजक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाई के लिए सेवा समाप्ति की कार्यवाही के लिए प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार को भेजने का निर्देश दिया गया था। जिसके अलोक में यह कार्रवाई की गयी है।

# दिव्यांगों के लिए बने शौचालय के आसपास गंदगी ना फैलाएं: बीडीओ

**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म बाजार में बोकारो ओएनजीसी सिबीएम परिसंपत्ति के सीएसआर मद से दिव्यांगों के लिए बने शौचालय में ताला लगे होने की बात को सुनकर बीडीओ महादेव महतो बेहद शनिवार को साड़म पहुंचे और शौचालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि शौचालय में ताला लगा था। वहां बिजली-पानी की समुचित व्यवस्था भी नहीं है। शौचालय के अंदर तो साफ सुथरा है, पर उसके आसपास गंदगी का अंबार लगा है। शौचालय तक जाने वाले पथ की स्थिति भी गंदगी के कारण काफी बदतर है। इस कारण क्षेत्र के दिव्यांग शौचालय जाने में भी परहेज करते हैं। बीडीओ ने शौचालय के आसपास गंदगी का अंबार देख कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने आसपास रहने वाले दुकानदारों को गंदगी ना फैलाने का कड़ा निर्देश दिया। कहा कि मामला संज्ञान में आते ही शौचालय का निरीक्षण किया गया हैं। शौचालय को सुव्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए बोकारो के श्री फाउंडेशन नामक एनजीओ से वार्ता हुई है। जल्द ही सुचारू रूप से शौचालय चालू हो जायेगा। इस मौके पर साड़म पश्चिमी पंचायत के पूर्व उपमुखिया विकास जैन, श्री फाउंडेशन के घनश्याम महतो, महबूब अंसारी, मनोज प्रसाद, मोकिम अंसारी और मनीष प्रसाद आदि मौजूद थे।

# महुदा बाजार के सार्वजनिक शौचालय में गंदगी का अंबार



**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा बाजार स्थित सार्वजनिक शौचालय की बदहाली ने स्वच्छ भारत मिशन की जमीनी हकीकत को उजागर कर दिया है। पंचायत द्वारा निर्मित यह शौचालय दुर्गंध, कचरे और अव्यवस्था का प्रतीक बन चुका है। स्थानीय लोगों की मानें तो शौचालय की साफ-सफाई और रखरखाव की कोई नियमित व्यवस्था नहीं है। शौचालय के अंदर ही नहीं, बाहर भी गंदगी का अंबार लगा रहता है। गंदा पानी बाहर बहता रहता है, जिससे आसपास से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। हालात इतने खराब हैं कि लोग इसका उपयोग करने के बजाय दूरी बनाना ही बेहतर समझते हैं। शौचालय की दीवारों पर लिखे 'एक कदम स्वच्छता की ओर' और 'स्वच्छ भारत मिशन' जैसे नारे मजाक बनकर रह गए हैं। जमीन पर स्वच्छता की कोई झलक नहीं मिलती। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की कि शौचालय की नियमित सफाई, मरम्मत और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यह वास्तव में आमजन के उपयोग में आ सके। नागरिकों का कहना है कि यदि पंचायत इस ओर शीघ्र ध्यान नहीं देती है, तो स्वच्छता अभियान केवल दीवारों तक सीमित रह जाएगी और सरकारी योजनाएं महज दिखावे की पहल बनकर रह जाएंगी।

# सामूहिक विवाह की तैयारियों को जुटा पंख एक नयी दिशा



- 26 मई को सभी 11 वर-वधुओं के बीच वस्त्र वितरण और 31 को मेहंदी-संगीत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शिवम कॉलोनी स्थित गणपति इंस्टिट्यूट में सामाजिक संस्था पंख एक नई दिशा की सदस्याओं ने संवाददाता सम्मेलन किया। जिसमें बताया कि एक जून को धईया स्थित आमंत्रण विवाह स्थल में दहेज रहित जरूरतमंद 11 जोड़ो का पूरे विधि विधान के साथ सामूहिक विवाह कराया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने बताया कि 26 मई को सभी 11 वर को शादी का वस्त्र और वधुओं को लहंगा दिया जाएगा। जबकि 31 मई को मेंहदी की रस्म एवं लेडीज संगीत होगा। वहीं, एक जून को बारात बैंड-बाजे के साथ निकाला जाएगा। इस सामूहिक विवाह को सफल बनाने की तैयारियों में संस्था की पिंकी गुप्ता, सुषमा प्रसाद, नम्रता गुप्ता, गायत्री गुप्ता, सुधा गुप्ता, रेखा गोयल, बबिता सिंह, रंजना सिंह, कल्पना रंजन, नीतू मुस्कान, सुशीला ओझा, पूनम सिंह, मनीष गुप्ता और शशि शेखर गुप्ता आदि जुटे है। सुषमा प्रसाद ने बताया कि एक जून को सामूहिक विवाह के दौरान रक्तदान का भी आयोजन किया गया है। एक तरफ शादी की रस्में होंगी, तो दूसरी ओर रक्तदान शिविर में जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान किया जाएगा। कहा कि कन्यादान के साथ ही रक्तदान महादान संस्था का थीम है।

# बलियापुर में मृतक ले रहे पीएम किसान सम्मान निधि की राशि

## सीओ ने भौतिक सत्यापन के बाद 145 मुर्दों के खाते में राशि जाने का किया खुलासा

## अयोग्य लाभुकों को 15 दिनों में राशि नहीं लौटाने पर कार्रवाई की चेतावनी



बलियापुर सीओ प्रवीण कुमार सिंह।

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** बलियापुर में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी पीएम किसान सम्मान निधि योजना में भारी फर्जीवाड़ा सामने आया है। 145 मृत किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि योजना की राशि डाल दी गई है। इसका खुलासा तब हुआ जब बलियापुर सीओ प्रवीण कुमार सिंह को योजना का गलत ढंग से लाभ प्राप्त करने की शिकायत मिली थी। भौतिक सत्यापन के दौरान इसका खुलासा हुआ। बलियापुर के सीओ ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना में अयोग्य लाभुकों द्वारा योजना का गलत ढंग से लाभ लिये जाने की शिकायतें उन्हें मिल रही थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए इसका भौतिक सत्यापन करवाया। इस दौरान पता चला कि लगभग 145 लाभुक ऐसे हैं जिनका मृत्यु होने के बावजूद उनके खाते में उक्त योजना की राशि जा रही है। साथ ही लगभग 170 अयोग्य ऐसे लाभुक हैं जो योजना पात्र नहीं होने का बावजूद लाभ उठा रहे है। जिससे सरकार को प्रतिवर्ष 70 लाख रुपये का नुकसान हो रहा है।

### एक ही परिवार में तीन-चार लोग उठा रहे लाभ

बलियापुर सीओ ने बताया कि अयोग्य लाभुकों को नोटिस जारी करते हुए 15 दिनों के भीतर राशि वापस लौटाने को कहा गया है। यह नोटिस उन लाभुकों को दिया गया है, जिन्होंने गलत तरीके से योजना का लाभ उठाया है या जो पात्रता शर्तों को पूरी नहीं करते हैं। राशि नहीं लौटाने पर आयोग्य लाभुकों पर सर्टिफिकेट केस कर सूद सहित राशि वसूली की कार्रवाई कीजाएगी। साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी। उन्होंने बताया कि कुछ ऐसे परिवार हैं, जिसमें एक ही परिवार में तीन से चार लोग योजना का लाभ ले रहे हैं। यह आपराधिक षड्यंत्र की श्रेणी में आता है।

# सत्ता से लेकर विपक्ष तक के चहेते थे राजेंद्र प्रसाद सिंह: सतपाल सिंह ब्रोका

आजाद सिपाही संवाददाता




**झरिया।** राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन सह कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के आवासीय कार्यालय पर शनिवार को श्रद्धा के साथ मजदूरों के मसीहा इंटक के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री सह बिहार एवं झारखंड के पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की पांचवी पुण्यतिथि मनायी गयी। विधि विधान से पूजा पाठ की गयी। उसके बाद खीर का भोग लगाकर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सुबह से ही श्रमिकों एवं आम लोग अपने सच्चे हितैसी नेता के प्रति श्रद्धांजलि देने पहुंचते रहे। इस अवसर पर सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा कि कोयला उद्योग को झारखंड ने एक ऐसा रत्न दिया था जिसने सभी मजदूरों के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। जिन्हें आज भी पूरे शिद्दत से याद किया जाता है। श्रमिकों के हक-अधिकार के लिए वे प्रखर होकर लड़ते रहे। जेपीसी 1 से लेकर जेबीसी-11 तक वेतनमान से लेकर जनहित के मुद्दों को मजदूरों के लिए धरातल पर उतारा। अपने मुखर व्यक्तित्व के कारण सत्ता से लेकर विपक्ष में रहते हुए उन्होंने अपना लोहा मनवाया। राज्य की राजनीतिक दशा और दिशा बदलने के लिए लगातार संघर्षरत रहे और मजदूरों के लिए कंपनी प्रबंधन के विरुद्ध कई हड़े आंदोलन किये। छह बार के विधायक के साथ ही बिहार एवं झारखंड सरकार में मंत्री भी रहे। उनका जीवन सेवा और सामाजिक न्याय की प्रेरणा रहा। हमेशा मजलूमों की आवाज बनकर कार्य किये और अपने विचारों एवं कर्मों से एक नई दिशा दी। आज हम सब मिलकर उनके आदर्शों, संघर्ष और समाज के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्गो पर चलकर मजदूरों के हक-अधिकार के लिए संघर्ष जारी रखेंगें। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह ब्रोका ने किया। इस मौके पर एसके शा, संजीव मंडल, संतोष चौधरी, फैयाज अहमद, रिजवी टीपू, शहजादा मेराज खान, कृष्ण ठाकुर, अरुण रवानी, बलविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह, कुलविंदर कौर, राजेंद्र कौर, सरिता देवी, मुनिया देवी, गीत देवी, राधा देवी, विक्की कुमार और सोनू सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# 10वीं-12वीं के उत्तीर्ण मेघावी छात्र-छात्राएं एवं उनके माता-पिता सम्मानित



**कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी के नगरिकला स्थित सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में विद्यालय प्रबंधन ने शनिवार को समारोह आयोजित कर 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण मेघावी छात्र-छात्राओं को उनके माता-पिता के साथ मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं माला पहनाकर कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ सर्वमंगला प्रसाद एवं प्राचार्य डॉ प्रभा सक्सेना ने संयुक्त रूप से किया। 10वीं कक्षा में प्रिंस कुमार प्रथम और 12वीं में मिंशु प्रसाद गुप्ता के प्रथम स्थान आने पर जूनियर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर चैयरमेन महेंद्र प्रसाद, डॉ हरदेव प्रसाद, कल्याणी नायर, बिन्दु कुमारी, मृत्युंजय मंडल आदि उपस्थित थे।

# डालसा ने अनाथ बच्चों की मदद को बढ़ाया हाथ

## आधार कार्ड एवं सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को बनी टीम

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** नालसा एवं झालसा की ओर से शुरू किए गए परियोजना 'साथी' के क्रियान्वयन के लिए डालसा के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने एक उच्चस्तरीय टीम का गठन किया है। जिसमें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला बाल सुरक्षा पदाधिकारी साधना कुमारी, मेडिकल ऑफिसर डॉ राजीव कुमार सिंह, आधार यूआईडी अमित कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, सहायक लीगल डिफेंस काउंसिल के सदस्य एवं पारा लीगल वॉलंटियर को शामिल किया गया है। परियोजना साथी के सही क्रियान्वयन के लिए डालसा के सचिव मयंक तुषार टोपनो ने शनिवार को टीम के सदस्यों के साथ बैठक भी की। जिसमें अवर न्यायाधीश सह सचिव ने बताया कि टीम जिले में रह रहे अनाथ बच्चों को चिन्हित करेगी। इसके बाद उनका आधार कार्ड बनवाया जाएगा। जिसके बाद उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने कि कार्यवाही शुरू की जाएगी, ताकि उन बच्चों को समाज की मुख्यधारा के साथ जोड़ा जा सके। वे खुद को बेसहारा ना समझें। न्यायाधीश ने कहा कि साथी परियोजना के तहत गरीब, लाचार बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) की ओर से साथी परियोजना शुरू किया गया है जिसके तहत धनबाद जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायत में रह रहे अनाथ बच्चों, शेल्टर होम एवं सड़क किनारे रह रहे बच्चों को आधार कार्ड एवं अन्य सरकारी योजनाएं जैसे राशन कार्ड स्पॉन्सरशिप स्कीम आदि से जोड़ने के लिए 15 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। परियोजना को सार्थक बनाने के लिए परियोजना की सभी पहलुओं पर परिचर्चा की गयी। टीम को निर्देश दिया गया कि आज से ही इस परियोजना के तहत बच्चों को चिन्हित करने का कार्य शुरू कर दिया जाए, ताकि धनबाद डालसा की टिम उन बच्चों को राहत पहुंचा सके।

# डॉ लंबोदर महतो ने चयाटांड में किया 63 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के चुट्टे पंचायत स्थित चयाटांड गांव में पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने शनिवार को 63 केवी क्षमता वाले नए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि यह ट्रांसफॉर्मर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को और अधिक सुचारु बनाने में मदद करेगा और लोगों को बार-बार की बिजली कटौती से राहत मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में गोमिया क्षेत्र में विकास कार्यों की गति और तेज की जाएगी। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल के लिए डॉ लंबोदर महतो का आभार व्यक्त किया। साथ ही उम्मीद जताई कि क्षेत्र में इस प्रकार के जनहित कार्य लगातार जारी रहेंगे। इस मौके पर महेश महतो, भीमलाल महतो, जिला परिषद विमला देवी, कैलास महतो, नरेश तुरी, चंद्रदेव महतो, तेजनारायण महतो और विपिन कुमार आदि उपस्थित थे।

# 60 सब्जी विक्रेताओं के बीच बांटा गया छाता-गमछा

**कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी के पांडेयडीह हटिया बाजार में 60 सब्जी विक्रेताओं के बीच दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता के निर्देश पर प्रज्वला महिला मंडल सिजुआ के तत्वावधान में भीषण गर्मी एवं बरसात को ध्यान में रखते हुए छाता और गमछा का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रज्वला महिला मंडल की अध्यक्ष शर्मिष्ठा चक्रवर्ती ने कहा कि महिला समिति समाज के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे सामाजिक कार्य करती रहती है। इस मौके पर सुलक्षणा सिंह, भाषवती कुंडू और बबीता दास आदि उपस्थित थीं।


स्थानीय सूचना
प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय), या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)**

संख्या-303/भू0अ0 दिनांक-13/05/2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है,कि ग्राम-**सरदारोडीह**, थाना-**चन्दवारा**, थाना सं0-**271**, अंचल-**चन्दवारा**, जिला-**कोडरमा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **महतो अहरा से रामपुर बसरिया (चौपारण) पथ चौड़ीकरण निर्माण हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-**सरदारोडीह**, थाना-**चन्दवारा**, थाना सं0-**271**, अंचल-**चन्दवारा**, जिला-**कोडरमा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश-**0.0530 ए0** यानि **0.0245** हेक्टेयर मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है......

**ग्राम-सरदारोडीह, थाना-चन्दवारा, थाना सं0-271, अंचल-चन्दवारा, जिला-कोडरमा**

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्व व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 5 | 872 | रैयती | टांड दो | 0.0290 | डीलो तेली वल्द कमल तेली कौम तेली साकिन-देह। | प्लॉट 871 | प्लॉट 874 | प्लॉट 872 अंश | रास्ता |
| 2 | 3 | 874 | रैयती | टांड दो | 0.0240 | जैराम मियां वो टेको पेशरान-चितो मियां कौम-जोलहा सा0-देह बहिस्सा बराबर | प्लॉट 872 | सीमाना चौखण्डी | प्लॉट 874 अंश | रास्ता |
| कुल:- | | | | | 0.0530 | एकड़ | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम-2013 (अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा-15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/-
समुचित सरकार-सह-
उपायुक्त, कोडरमा

PR 353413 Land Reforms(25-26)#D



स्थानीय सूचना
प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)**
**संख्या-310/भू0अ0** **दिनांक-15/05/2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है,कि ग्राम-**चौखण्डी**, थाना-**चन्दवारा**, थाना सं0-**270**, अंचल-**चन्दवारा**, जिला-**कोडरमा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **महतो अहरा से रामपुर बसरिया ( चौपारण) पथ चौड़ीकरण निर्माण हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-**चौखण्डी**, थाना-**चन्दवारा**, थाना सं0-**270**, अंचल-**चन्दवारा**, जिला-**कोडरमा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश-**0.2850 ए0** यानि **0.1153** हेक्टेयर मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है......

**ग्राम-चौखण्डी, थाना-चन्दवारा, थाना सं0-270, अंचल-चन्दवारा, जिला-कोडरमा**

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्व व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 1 | 2 | रैयती | टांड एक | 0.0570 | बिहारी नायक वल्द पुरन नायक कौम तेली सा0-देह। | सीमाना मौजा-सरदारोडीह | प्लॉट 6 | प्लॉट 2 अंश | रास्ता |
| 2 | 9 | 6 | रैयती | टांड दो | 0.0260 | अन्हक्ष भुइयां वो ठकुरी भुईयां पेशरान कीदन भुईयां कौम भुईयां साकिन-देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 2 | प्लॉट 9 | प्लॉट 6 अंश | रास्ता |
| 3 | 15 | 9 | रैयती | टांड दो | 0.0430 | जीतन भुइयाँ वल्द मनबोध भुइयां कौम भुईयां सा0-देह। | प्लॉट 6 | प्लॉट 11 | प्लॉट 9 अंश | रास्ता |
| 4 | 9 | 11 | रैयती | टांड तीन | 0.0120 | अन्हक्ष भुइयां वो ठकुरी भुईयां पेशरान कीदन भुईयां कौम भुईयां साकिन-देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 9 | प्लॉट 13 | प्लॉट 11 अंश | रास्ता |
| 5 | 4 | 13 | रैयती | टांड तीन | 0.0370 | भैरो गोप वल्द परन गोप वो तेजो गोप वल्द तालो गोप वो खागो गोप वल्द टिको गोप कौम ग्वाला साकिन मौजा-महुगाई बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 11 | प्लॉट 15 | प्लॉट 13 अंश | रास्ता |
| 6 | 12 | 19 | बकास्त | टांड तीन | 0.0290 | बकास्त लगान पाने वाला (दीपचन्द मोदी वगैरह खेवट नं0-11) | प्लॉट 19 अंश | प्लॉट 41 | प्लॉट 19 अंश | रास्ता |
| 7 | 8 | 43 | रैयती | टांड तीन | 0.0320 | बकास्त लगान पाने वाला चितो महतो वगैरह खेवट नं0-8/4) | प्लॉट 44 | सीमाना मौजा-नवाडीह | प्लॉट 43 अंश | रास्ता |
| 8 | 12 | 44 | बकास्त | टांड तीन | 0.0490 | बकास्त लगान पाने वाला (दीपचन्द मोदी वगैरह खेवट नं0-11) | प्लॉट 41 | प्लॉट 43 | प्लॉट 44 अंश | रास्ता |
| कुल:- | | | | | 0.2850 | एकड़ | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम-2013 (अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा-15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/-
समुचित सरकार-सह- उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.353411 Land Reforms(25-26):D

## देवघर में देश भर के शिक्षक नेताओं का होगा जुटान

# आज एआइएफटीओ के नेशनल एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक

- बैठक में 22 राज्य 3 केंद्र शासित प्रदेश के 68 प्रतिनिधि लेंगे भाग

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर में देश भर के शिक्षक नेताओं का जुटान होगा। 25 मई को ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन (एआइएफटीओ) के नेशनल एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग डाबरग्राम के पीटीआइ सभागार में होगी। इसमें पूरे देश के 22 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेशों से 68 प्रतिनिधि भाग लेंगे। मीटिंग का आयोजन झारखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन (जेएसपीटीए) कर रहा है। कार्यक्रम दो सत्रों में होगा। पहले सत्र में सुबह 9 से 11 बजे तक जेएसपीटीए का अधिवेशन होगा। इसके बाद 11.30 से लेकर शाम 6 बजे तक एआईएफटीओ की नेशनल एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग होगी। यह जानकारी एआइएफटीओ के नव नियुक्त मुख्य संरक्षक डॉ सुनील खवाड़े और राष्ट्रीय महासचिव छगनलाल रोज ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता में दी। प्रेसवार्ता में जेएसपीटीए के अध्यक्ष अशोक मिश्र, प्रदेश महासचिव मंगलेश्वर उरांव, राज्य संयोजक राजेश मिश्रा मौजूद थे।

## नुसरत खातून का सर्वसम्मति से चयन



**देवघर (आजाद सिपाही)।** जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के सारवां प्रखंड के डहुआ पंचायत के सुरसुरा प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में सहिया चयन हेतु मुखिया दिवाकर पासवान की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गयी। इसमें डीपीसी प्रवीण कुमार, एसटीटी राजेश कुमार राय, बीटीटी ब्रह्मदेव वर्मा, एएनएम प्रेमलता कुमारी, सहिया साथी लक्ष्मी देवी की उपस्थिति में सहिया चुनाव को लेकर बैठक की गयी। इसमें सर्वसम्मति से सहिया पद के लिए नुसरत खातून पति सुल्तान अंसारी का चयन किया गया। मौके पर ग्रामीण मुकद्दर अंसारी समशुल मियां, शकील अंसारी, बसीर मियां, मोहम्मद अली, जहांगीर मियां और महबूब आलम आदि मौजूद थे।

## विधायक चुन्ना सिंह ने 44 लाभुकों के बीच चलंत सोलरप्लेट पंप वितरित किया



**देवघर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को कृषि विभाग झारखंड सरकार द्वारा किसान समृद्धि योजना के तहत सारठ विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह ने शनिवार को तेतरिया मोड़ में उप परियोजना निर्देशक अरविंद कुमार राय, जिला कृषि पदाधिकारी यशराज की मौजूदगी में प्रखंड क्षेत्र के 44 किसानों के बीच चलंत सोलरप्लेट मोटर पंप का वितरण किया। वहीं जिला कृषि पदाधिकारी यशराज ने किसानों को योजना का लाभ लेने की अपील की। इस दौरान प्रभारी बीएओ शशांक शेखर, एटीएम धर्मेंद्र कुमार, एटीएम गौतम कुमार, शालिग्राम मंडल, कुकरहा पंचायत के मुखिया महादेव सिंह, जोनेद हसन, सिंकंदर मिर्जा, संजीत कुमार, विक्रम सिंह, राजू चौधरी मौजूद थे।

































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**